# नेशनल प्रेस टाइम्स



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, गुरुवार
03 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 34 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## मोहर्रम के जुलूस पर कोई पाबंदी नहीं: 'ताजिया का साइज छोटा रखो, ताकि...'

### सीएम योगी ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ



लखनऊ। एक सवाल के जवाब में सीएम योगी ने कहा कि ताजिया का साइज छोटा करो, वरना हाइटेंशन लाइन की चपेट में आओगे तो मर जाओगे। कांवड़ यात्रियों से भी बोलते हैं कि डीजे का साइज छोटा करो। जो नहीं करता है, उसके खिलाफ एक्शन लेते हैं। कानून सबके लिए बराबर है। नमाज पढ़ने के नाम पर आप घंटों सड़क जाम करेंगे? नमाज पढ़ने की जगह ईदगाह और मस्जिदें हैं, सड़क नहीं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत में प्रदेश के विकास से लेकर कानून व्यवस्था तक खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि राज्य तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है। 2030 तक यह देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसकी प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर होगी।

सीएम ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके आठ साल के कार्यकाल के दौरान, उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। पिछले कुछ दशकों में राज्य के विकास की उपेक्षा करने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की।

**हमें विश्वास है 2029-30 तक लक्ष्य हासिल कर लेंगे**- उन्होंने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ, तो उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी। 2016-17 में यह राष्ट्रीय औसत के एक तिहाई तक कम हो गई। हम इसे 2016-17 के स्तर से दोगुना करने में सफल रहे हैं। मेरे आकलन के अनुसार, उत्तर प्रदेश देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था होगी। सीएम ने कहा कि हमने एक समय सीमा तय की है और जिस तरह से हम विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, हमें विश्वास है कि हम 2029-30 तक अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से जुड़े सवाल के जवाब में सीएम ने कहा पिछले आठ वर्षों में हमने उन कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया है, जो पिछली सरकारें 70 वर्षों में हासिल नहीं कर सकीं। 1947 से 2017 के बीच 70 वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12-12.5 लाख करोड़ रुपये के दायरे में थी और देश में सातवें या आठवें स्थान पर थी।'


' उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 27.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है और देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

**मैं खुद को विशेष नहीं मानता**-आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारतीय परंपरा धर्म को स्वार्थ से नहीं जोड़ती है। क्या वह खुद को एक धार्मिक व्यक्ति या एक राजनीतिक नेता के रूप में अधिक मानते हैं? इस पर सीएम ने जोर देकर कहा, मैं एक नागरिक के रूप में काम करता हूं और खुद को विशेष नहीं मानता।

शेष पेज 2 पर

आज रखा जाने वालरा पांचवां व्रत

## स्कन्दमाता




माँ दुर्गाजी पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इन्हें भगवान स्कन्द की माता होने के कारण माँ दुर्गाजी के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी चार भुजाएं हैं। ये कमल के आसन पर विराजमान है। इसी कारण से इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। माँ स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती है और मोक्ष का द्वार स्वयं सुलभ हो जाता है। भक्त का मन समस्त लौकिक, सांसारिक, मायिक बंधनों से विमुक्त हो जाता है।

'कानून सबको स्वीकार करना पड़ेगा' वक्फ बिल पर अमित शाह ने भरी हुंकार, पूछा

## CAA से किसी की नागरिकता गई?



नई दिल्ली। अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में कहा कि मैं अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी द्वारा पेश किए गए वक्फ विधेयक का पूर्ण समर्थन करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि एक सांसद ने पहले धमकी दी थी कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे; यह भारत सरकार का, संसद का कानून है, सभी को इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ परिषदों और बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल किया गया है; ये निकाय पूरी तरह से घोषित उद्देश्यों के अनुसार संपत्तियों का प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए हैं। शेष पेज 2 पर

## कपिल मिश्रा के खिलाफ दिल्ली विधानसभा में आप का प्रदर्शन, उठाई इस्तीफे की मांग




**नई दिल्ली।** पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा को पूरे देश ने दंगा भड़काते हुए देखा था। उनका भाषण टीवी कैमरों में कैद है। लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें कानून मंत्री बनाया है। कपिल मिश्रा को मंत्री रहने का कोई अधिकार नहीं है। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ गी आप ने मांग की कि अब दिल्ली पुलिस कपिल मिश्रा को गिरफ़्तार करे। पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा को पूरे देश ने दंगा भड़काते हुए देखा था। उनका भाषण टीवी कैमरों में कैद है। लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें कानून मंत्री बनाया है। कपिल मिश्रा को मंत्री रहने का कोई अधिकार नहीं है।

शेष पेज 2 पर

## भारत के आगे ढीला पड़ गया अमेरिका, टैरिफ पर बड़ा बयान! जवाबी कार्रवाई

### जवाबी कार्रवाई के लिए मोदी सरकार ने बना रखा है ये प्लान?



**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर आप कारों पर यूरोपीय संघ को देखें तो यूरोपीय संघ ने पहले ही अपने टैरिफ को घटाकर ढाई प्रतिशत कर दिया है। मुझे लगता है कि मैंने कुछ समय पहले ही सुना की भारत अपने टैरिफ को काफी हद तक कम करने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत से देश अपने टैरिफ कम करेंगे क्योंकि वो अमेरिका पर अनुचित तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं। टृंप का मानना है कि टैरिफ की मदद से अमेरिका का व्यापार घाटा कम किया जा सकता है। लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि टैरिफ की वजह से अमेरिका में महंगाई बढ़ सकती है।

2 अप्रैल वो तारीख है जब अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ कई देशों की धड़कनें बढ़ा देगा। ट्रंप पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वो 2 अप्रैल से भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने इस दिन को लिबरेशन डे के तौर पर मनाने की बात भी कही है। वहीं ट्रंप का ये भी कहना है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए अपने टैरिफ को काफी हद तक कम करेगा। वाशिंगटन भारत सहित कई यूरोपीय देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है। ट्रंप आज शाम रोज गार्डन में 'मेक अमेरिका वेल्दी अगेन इवेंट में भाषण देंगे। इसी इवेंट में रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर घोषणा होगी।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर आप कारों पर यूरोपीय संघ को देखें तो यूरोपीय संघ ने पहले ही अपने टैरिफ को घटाकर ढाई प्रतिशत कर दिया है। मुझे लगता है कि मैंने कुछ समय पहले ही सुना की भारत अपने टैरिफ को काफी हद तक कम करने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि बहुत से देश अपने टैरिफ कम करेंगे क्योंकि वो अमेरिका पर अनुचित तरीके से टैरिफ लगा रहे हैं। टृंप का मानना है कि टैरिफ की मदद से अमेरिका का व्यापार घाटा कम किया जा सकता है। लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि टैरिफ की वजह से अमेरिका में महंगाई बढ़ सकती है। शेष पेज 2 पर

## गुजरात के जामनगर में जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक पायलट सुरक्षित, दूसरे की तलाश



जामनगर। गुजरात के जामनगर में वायुसेना के एक लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सामने आयी है। इस हादसे में एक पायलट सुरक्षित है, वहीं दूसरे पायलट की तलाश की जा रही है।बता दें कि, ये तीन दिनों में दूसरी ऐसी घटना है, इससे पहले मेहसाणा जिले में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

गुजरात के जामनगर में जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हादसे में जगुआर लड़ाकू विमान के पायलट के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सामने आयी है। मामले में जामनगर के एसपी प्रेमसुख देलू ने बताया कि, भारतीय वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान जामनगर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस घटना के दौरान एक पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया है। वहीं लड़ाकू विमान के दूसरे पायलट की तलाश जारी है।

शेष पेज 2 पर

## धूप से बचाव की तैयारी के साथ आएं अयोध्या', राम मंदिर ट्रस्ट की श्रद्धालुओं से अपील



लखनऊ । राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने रामनवमी में लगने वाले मेले को लेकर देश-विदेश के श्रद्धालुओं से गर्मी से बचाव के उपाय के साथ अयोध्या आने की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने श्रद्धालुओं को सुझाव भी दिए हैं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने रामनवमी मेला में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य रक्षा के कुछ उपायों के साथ अयोध्या आने का निवेदन किया है। ट्रस्ट के महामंत्री ने निवेदन कर कहा कि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं से अपेक्षा है कि वह सिर को धूप से बचाने का उपाय (टोपी, पगड़ी, गमछा आदि) लेकर बाहर निकलें।

उन्होंने कहा कि नींबू, चीनी, नमक अथवा ओआरएस घोल, गिलास को साथ रखें तो अति उत्तम है। जौ के सत्तू की व्यवस्था हो सके तो लू से तो बचाव होगा ही पेट पर भी संकट नहीं आएगा।

उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और प्रशासन की ओर से पेयजल समेत सभी नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है लेकिन अयोध्या धाम तक पहुंचने के रास्ते में भी कोई असुविधा न हो व अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर भी सब ठीक रहें, इसके निमित्त ट्रस्ट महामंत्री का निवेदन निश्चित ही महत्वपूर्ण है।

बातचीत | 'हम बातचीत के लिए तैयार':

## नक्सलियों ने सरकार से की संघर्ष विराम की मांग



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है।

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई के बाद अब नक्सलियों ने संघर्ष विराम की मांग की है। पत्र जारी कर कहा गया है कि सरकार अगर ऑपरेशन बंद करने का ऐलान करती है तो नक्सली बात करने को तैयार हैं। दरअसल बीते कुछ महीनों से सुरक्षाबलों की टीमें लगातार ऑपरेशन चला रही हैं जिसमें कई बड़े खूंखार नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सल प्रभावित बस्तर के दौरे से पहले नक्सलियों ने तत्काल युद्ध विराम और सशर्त शांति वार्ता की मांग की है। नक्सलियों के प्रवक्ता अभय की ओर से जारी बयान में केंद्र सरकार से एंटी नक्सल ऑपरेशन को रोकने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षाबलों की वापसी और माओवादी विरोधी अभियानों को रोकने की मांग की गई है।

छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की बैठक के बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने कहा कि 15 महीने में हमारे 400 साथियों को मारा गया है। केंद्र और राज्य सरकारें ऑपरेशन रोकें तो हम बात करेंगे।

जानें क्या है लिखा है नक्सली प्रवक्ता अभय ने- नक्सलियों के प्रवक्ता अभय ने हिंदी और तेलगू दोनों भाषा में प्रेस रिलीज जारी केंद्र और राज्य सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को रोकने के लिए अनुरोध किया है। इसके साथ ही सुरक्षा बल के जवानों को कैंप में ही रहने और नये कैंप नहीं खोलने की बात कही है। उसने प्रेस विज्ञप्ति में आगे लिखा है कि 24 मार्च को नक्सलियों के संगठन की हैदराबाद में एक बैठक हुई थी। इसमें यह तय हुआ था कि वो बिना किसी शर्त के बातचीत और शांति वार्ता करने के युद्ध विराम की घोषणा कर देंगे। शेष पेज 2 पर

# नई दिल्ली मेट्रो और रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों के लिए ये खास सुविधा शुरू, देने होंगे इतने रुपये

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। बताया जा रहा है कि इस सुविधा से न सिर्फ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम का राजस्व का भी बढ़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह देश के किसी भी मेट्रो स्टेशन पर अपनी तरह की पहली सुविधा है।

नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर अब यात्रियों को पॉड होटल की सुविधा मिलेगी। दिल्ली मेट्रो ने यह सुविधा शुरू कर दी है। 400 रुपये में छह घंटे और 600 रुपये में दिन भर के लिए यात्री पॉड होटल में ठहर सकते हैं। इस सुविधा से देशभर से दिल्ली आने वाले लोगों को लाभ होगा। वह यहां पर रुककर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं या फिर यदि एयरपोर्ट जाना है तो वह नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन से एयरपोर्ट लाइन पर जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि इस सुविधा से न सिर्फ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी बल्कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम का राजस्व का भी बढ़ेगा। वर्तमान में यह सुविधा अभी नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर शुरू की गई है।




मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन के जिस क्षेत्र में यह होटल बनाया गया है उसे लीज पर दिया गया है। 3142 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में इसे बनाया गया है, बीते फरवरी माह में इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। मौजूदा समय इसमें 70 लोग रह सकते हैं। पूरे क्षेत्र में यह जून में तैयार होगा। तब इसमें 250 से 300 लोगों के रहने की सुविधा हो जाएगी। इसे बुकिंग डॉट कॉम, मेकमाईट्रिप, हॉस्टलवर्ल्ड और अगोडा सहित सभी प्रमुख बुकिंग प्लेटफॉर्म पर से बुक किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि यह देश के किसी भी मेट्रो स्टेशन पर बना पहला पॉड होटल है। इसमें फ्री वाईफाई और लाउंज जैसी सुविधाओं के साथ वर्क स्टेशन भी हैं। ठहरने की सुविधा के साथ कार्य करने की जगह भी है।

**रोजाना 50 से 60 लोग रह रहे**

अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा समय पॉड होटल में औसतन रोजाना 50 से 60 लोग रह रहे हैं। लोगों को यहां पर एक मिनी थिएटर, एक पूल टेबल, एक फुटबॉल टेबल और लाउंज क्षेत्र में विभिन्न बोर्ड गेम की सुविधा भी मिलेगी। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास है। ऐसे में पॉड होटल ऐसे लोगों के लिए है जो जिन्हें रात बिताने के लिए जगह की आवश्यकता होती है। वहीं लोग यहां पर रुककर ट्रेनों का इंतजार भी कर सकते हैं। यह मेट्रो स्टेशन इसलिए भी खास है क्योंकि यहां पर येलो और एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइनों के लिए इंटरचेंज भी है।

गैर किराया राजस्व बढ़ाने पर जोर दे रहा मेट्रो...

दिल्ली मेट्रो गैर किराया राजस्व बढ़ाने के लिए अपनी संपत्तियों का इस्तेमाल कर रहा है। पॉड होटल के अलावा मेट्रो ने हाल ही में मालवीय नगर, पंजाबी बाग, आजादपुर और फरीदाबाद सेक्टर 20बी मेट्रो स्टेशनों पर अपनी संपत्तियों को खाद्य और कार्यालय आदि के लिए स्थान दिया है। नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन पर एक बैंक्वेट हॉल भी स्थापित किया है। भविष्य की संपत्ति विकास परियोजनाओं में मोहन एस्टेट मेट्रो स्टेशन पर 8,900 वर्ग मीटर में फैला एक औद्योगिक स्थान, कोहाट एन्क्लेव में 6,090 वर्ग मीटर में पार्किंग के साथ एक वाणिज्यिक स्थान, आजादपुर में 21,000 वर्ग मीटर में फैला कार्यालय स्थान और आनंद विहार मेट्रो स्टेशन के भूतल और पहली मंजिल पर लगभग 4,100 वर्ग मीटर में क्षेत्र शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन संपत्तियों का उपयोग गैर किराया राजस्व बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

## दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब, ग्रैप-1 की पाबंदियां लागू

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । अप्रैल के महीने में ही राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर की हवा खराब हो गई है। जिसे देखते हुए ग्रैप-1 की पाबंदियों को तत्काल लागू कर दिया गया है।

देश की राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर की हवा खराब क्षेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक 'खराब' श्रेणी में पहुंचने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आदेश जारी कर दिया है। तत्काल प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यान ग्रैप के चरण-1 के तहत सभी पाबंदियों को लागू कर दिया गया है।

**ग्रैप-1 में इन बातों का रखना होता है ध्यान**

आमतौर पर ग्रैप-1 तब लागू किया जाता है, जब शहर का एक्यूआई 200 के पार पहुंच जाता है। ग्रैप-1 लागू होने के बाद होटलों और रेस्तरां में कोयला और लकड़ी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होता है। साथ ही निर्माण और विध्वंस (सीएंडडी) गतिविधियों में धूल शमन उपायों और सीएंडडी कचरे के ठोस पर्यावरण प्रबंधन पर निदेर्शों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाता है। इसमें 500 वर्ग मीटर के बराबर या उससे अधिक के भूखंड आकार वाली ऐसी परियोजनाओं के संबंध में सीएंडडी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी, जो संबंधित के वेब पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं।

**जानें क्या होता है ग्रैप फामूर्ला?**

ग्रैप को दिल्ली-एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण के हिसाब से बांटा गया गया है।

## अब सताएगी झुलसाने वाली गर्मी... तेज धूप निकलने से 41 डिग्री तक पहुंचेगा अधिकतम तापमान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । राजधानी में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान के नहीं बढ़ने से अभी रात का मौसम सुहावना बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में अब झुलसाने वाली गर्मी लोगों को सताएगी। आठ अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इससे मई-जून वाली गर्मी का अहसास होगा। हालांकि, अभी लू की स्थिति नहीं है। तेज धूप निकलने और बारिश न होने से तापमान लगातार बढ़ रहा है।

राजधानी में बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, न्यूनतम तापमान के नहीं बढ़ने से अभी रात का मौसम सुहावना बना हुआ है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस कम 14.2 डिग्री दर्ज हुआ। आयानगर में अधिकतम तापमान 38.4 और रिज में 37.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक, बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहने की संभावना है। चार व पांच अप्रैल को 37-39 डिग्री और सात व आठ अप्रैल को 39-41 डिग्री के बीच तापमान रहने का अनुमान है। इस दौरान न्यूनतम तापमान भी 18-23 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाएगा। इससे रात का मौसम भी गर्म हो जाएगा।

# पेज एक का शेष...

## मोहर्रम के जुलूस पर कोई पाबंदी नहीं: 'ताजिया का साइज छोटा रखो, ताकि.

' एक नागरिक के रूप में, मेरे संवैधानिक कर्तव्य पहले आते हैं। "मेरे लिए, राष्ट्र सर्वोपरि है। अगर देश सुरक्षित है, तो मेरा धर्म सुरक्षित है। जब धर्म सुरक्षित है, तो कल्याण का मार्ग अपने आप खुल जाता है।

उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 27.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है और देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

**मैं खुद को विशेष नहीं मानता-** आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारतीय परंपरा धर्म को स्वार्थ से नहीं जोड़ती है। क्या वह खुद को एक धार्मिक व्यक्ति या एक राजनीतिक नेता के रूप में अधिक मानते हैं? इस पर सीएम ने जोर देकर कहा, मैं एक नागरिक के रूप में काम करता हूं और खुद को विशेष नहीं मानता।

एक नागरिक के रूप में, मेरे संवैधानिक कर्तव्य पहले आते हैं। "मेरे लिए, राष्ट्र सर्वोपरि है। अगर देश सुरक्षित है, तो मेरा धर्म सुरक्षित है। जब धर्म सुरक्षित है, तो कल्याण का मार्ग अपने आप खुल जाता है।

नाम नहीं... काम से याद किया जाए-यह पूछे जाने पर कि वह कैसे चाहते हैं कि उन्हें या उनकी विरासत को याद किया जाए? इस पर सीएम ने जबाव दिया कि दूसरों को उन्हें याद करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि वह हमेशा मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, "नाम नहीं बल्कि काम को याद रखना चाहिए। किसी की पहचान उसके काम से होनी चाहिए, नाम से नहीं। उन्होंने कहा मैं वर्तमान में जी रहा हूं।

हिंदुओं से धार्मिक अनुशासन सीखें मुसलमान-मुस्लिमों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि उन्हें राज्य के विकास में उचित हिस्सा मिलेगा, लेकिन सिर्फ इसलिए विशेष रियायतों की उम्मीद न करें कि वह अल्पसंख्यक हैं। मुसलमानों के साथ भेदभाव के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मुसलमान राज्य की आबादी का 20 प्रतिशत हैं, लेकिन सरकारी कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों में उनकी हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत है। हम न तो भेदभाव में विश्वास करते हैं और न ही तुष्टिकरण में।

मेरठ में उनके प्रशासन द्वारा सड़कों पर नमाज अदा करने के खिलाफ चेतावनी पर विवाद के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है। सड़कें चलने के लिए होती हैं और जो लोग (फैसले के खिलाफ) बोल रहे हैं, उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। प्रयागराज में 66 करोड़ लोग पहुंचे। कोई डकैती, संपत्ति का विनाश, आगजनी, अपहरण नहीं हुआ। इसे धार्मिक अनुशासन कहा जाता है।

लूट-खसोट का अड्डा बन गया है वक्फ बोर्ड-वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने वालों की आलोचना करते हुए सीएम ने कहा कि वक्फ बोर्ड स्वार्थी हितों के साथ-साथ लूट खसोट (संपत्ति हड़पने) का अड्डा बन गए हैं और मुसलमानों के कल्याण के लिए बहुत कम काम किया है। हिंदू मंदिरों और मठों द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में दान के उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने पूछा कि क्या किसी वक्फ बोर्ड ने कई गुना अधिक संपत्ति होने के बावजूद इस तरह का कल्याणकारी काम किया है। उन्होंने पूछा कि पूरे समाज की बात तो छोड़िए, क्या वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल मुसलमानों के कल्याण के लिए किया गया है।

बुलडोजर मॉडल समय की जरूरत-एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा बुलडोजर मॉडल को अब अन्य राज्यों में भी त्वरित न्याय के रूप में अपनाया जा रहा है, हालांकि इसकी वैधता पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हम इस लोकप्रिय प्रथा को उपलब्धि नहीं बल्कि आवश्यकता मानते हैं। बुलडोजर का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे के निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए भी किया जा सकता है।

## CAA से किसकी नागरिकता गई?

अमित शाह ने दावा किया कि अगर 2013 में वक्फ में संशोधन नहीं किया गया होता तो इस (संशोधन विधेयक) विधेयक की जरूरत ही नहीं पड़ती। सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 2014 में चुनाव हुए और 2013 में रातों-रात तुष्टीकरण के लिए वक्फ अधिनियम में बदलाव कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस सरकार ने लुटियंस दिल्ली में 123 वीवीआईपी संपत्तियों को वक्फ को सौंप दिया, जबकि चुनाव आने में बस 25 दिन बचे थे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन तलाक, सीएए पर भी डर फैलाया गया। उन्होंने सवाल किया कि बताइए उअअ से किसकी नागरिकता गई?

बताया कब से लागू होगा कानून-उन्होंने कहा कि एक और भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह विधेयक पिछली तिथि से लागू होगा। जब आप इस सदन में बोलें तो जिम्मेदारी से बोलें। विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विधेयक पारित होने के बाद सरकार द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद कानून लागू होगा। इसलिए, कोई पिछली तिथि से लागू होने वाला कानून नहीं है। लेकिन मुसलमानों को डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वक्फ का कानून किसी के द्वारा दान की गई संपत्ति को विनियमित करना है, चाहे उसका प्रशासन ठीक से चल रहा हो या नहीं, चाहे वह कानून के अनुसार चल रहा हो या नहीं। दान जिस उद्देश्य के लिए दिया जा रहा है, वह इस्लाम धर्म के लिए दिया जा रहा है, गरीबों के उत्थान के लिए दिया जा रहा है या नहीं। या उसका उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है या नहीं।

भ्रम फैला रहा विपक्ष- अमित शाह ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन में किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने का कोई प्रावधान नहीं है, हम ऐसा नहीं करना चाहते। यह बहुत बड़ी भ्रांति है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक आचरण में हस्तक्षेप करेगा और उनके द्वारा दान की गई संपत्ति में हस्तक्षेप करेगा। यह भ्रांति अल्पसंख्यकों में अपने वोट बैंक के लिए डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही है। शाह ने कहा कि वक्फ बिल मुस्लिम धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है।

गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं- गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि नए कानून के तहत वक्फ बोर्ड में किसी गैर-मुस्लिम की नियुक्ति नहीं की जाएगी। अमित शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोग अपने मिथकों से देश को तोड़ देंगे। यह विधेयक वक्फ बोर्ड में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए है। अगर 2013 में संशोधन लाया गया होता, तो मैं कह सकता हूं कि आपको विधेयक लाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड धार्मिक संस्था नहीं बल्कि प्रशासनिक संस्था है। 2014 के नतीजों से डरकर उन्होंने ये संशोधन नहीं लाए, बल्कि इसे अतिवादी बना दिया।

## नक्सलियों ने सरकार से की संघर्ष विराम की मांग

आगे लिखा है कि छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी नक्सलियों से आग्रह किया था कि वो हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल हो जाए। हथियार छोड़ दें। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो जवान नक्सलियों से सख्ती से निपटेंगे और और उनका खात्मा कर देंगे।

हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं पर...

उसने लिखा है कि हमारे दंडरकारण्य जोनल के स्पेशल कमेटी के सदस्य और माओवादी संगठन के प्रतिनिधि विकल्प ने यह शर्त रखी थी कि हम शांति वार्ता के लिए तैयार हैं पर जवानों को कैंप में ही रखा जाए। नक्सल विरोधी अभियान बंद किया जाए। नए सुरक्षा कैंप न खोले जाए। इसके बाद वो शांति वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन बिना वार्ता किये ही 15 महीने में हमारे 400 से ज्यादा जवानों को मार दिया गया। इसमें नक्सलियों के शीर्ष नेता पीएलजीए कमांडर समेत कई खूंखार इनामी नक्सली कमांडर्स को मौत की नींद सुला दी गई। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में नक्सली नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। अब हम जनता के हित में शांति वार्ता के लिए तैयार हैं। नक्सलियों ने प्रस्ताव रखा है कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र के (गढ़चिरौली) ओडिशा, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में नक्सल आपरेशन बंद करें और नये सुरक्षा बल कैंपों की स्थापना ना करें। अगर इन बिंदुओं पर केंद्र और राज्य सरकार सकारात्मक जवाब देती है वो बातचीत कर युद्ध विराम की घोषणा कर देंगे।

## भारत के आगे ढीला पड़ गया अमेरिका, टैरिफ पर बड़ा बयान! जवाबी कार्रवाई

वो इससे पहले ही अमेरिका में इंपोर्ट होने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर 25 फीसदी टैरिफ लगा चुके हैं। इससे अमेरिका में विदेशी कारों की कीमतें महंगी हो सकती हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ का मतलब जैसे को तैसा है। यानी जो देश जितना टैरिफ अमेरिकी इंपोर्ट पर लगाता है उतना ही टैरिफ उसके इंपोर्ट पर भी लगेगा। इस रेसिप्रोकल टैरिफ से वो देश प्रभावित होंगे जो अमेरिकी उत्पादों पर अधिक टैरिफ लगाते हैं। अमेरिका अब इन देशों से इंपोर्ट होने वाले सामान पर समान शुल्क लगाएगा। नए टैरिफ से अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। वर्ल्ड ट्रेंड आर्गनाइजेशन की माने तो भारत में औसतन टैरिफ सबसे अधिक 17 फीसदी है।

इसे भी पढ़ें: ड्रैगन और हाथी की जोड़ी...ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच भारत का नाम लेकर जिनपिंग ने अमेरिका को तगड़ा जवाब दे दियाभारत भी अमेरिका को टैरिफ में छूट देने का रास्ता भी अपना सकता है। भारत और अमेरिका व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी काम कर रहे हैं। घरेलू उद्योग और निर्यातकों ने भारत के निर्यात पर अमेरिका के जवाबी टैरिफ के संभावित प्रभाव पर चिंता जताई है। भारत का प्लान ए, प्लान बी और प्लान सी इन बातों पर निर्भर करेगा कि अमेरिका किस तरह से जवाबी टैरिफ लगा रहा है और किन सेक्टर्स पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

## कपिल मिश्रा के खिलाफ दिल्ली विधानसभा में आप का प्रदर्शन, उठाई इस्तीफे की मांग

आम आदमी पार्टी का विधायक दल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएगा।

जांच के आदेश-दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस को 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों में कथित संलिप्तता को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच करने का आदेश दिया। यह मामला यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा अगस्त 2024 में दायर एक याचिका से संबंधित है, जिसमें दयालपुर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मिश्रा और तीन भाजपा नेताओं मुस्तफाबाद विधायक मोहन सिंह बिष्ट और पूर्व विधायक जगदीश प्रधान और सतपाल सांसद सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने क्या कहा-अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पहली घटना के संबंध में आगे की जांच शुरू की जाए क्योंकि शिकायतकर्ता ने संज्ञेय अपराध का खुलासा किया है। कपिल मिश्रा के खिलाफ हम आगे की जांच का निर्देश दे रहे हैं क्योंकि हमारा प्रथम दृष्टया मानना ??है कि यह संज्ञेय अपराध है। कपिल मिश्रा को इलाके में देखा गया था। इलियास का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता महमूद प्राचा ने आरोप लगाया कि 23 फरवरी, 2020 को उन्होंने मिश्रा और उनके सहयोगियों को कर्दमपुरी में एक सड़क को अवरुद्ध करते और रेहड़ी-पटरी वालों की गाड़ियों को नष्ट करते देखा।

## गुजरात के जामनगर में जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, एक पायलट सुरक्षित, दूसरे की तलाश

प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, भारतीय वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान बुधवार रात गुजरात के जामनगर वायुसेना स्टेशन के पास एक गांव में प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें से एक पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकल आया। जबकि दूसरा पायलट लापता है। एसपी प्रेमसुख देलू ने बताया कि लड़ाकू विमान जामनगर शहर से करीब 12 किलोमीटर दूर सुवरदा गांव के एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। दुर्घटना का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। विमान के क्रैश लैंडिंग के बाद विमान में आग लग गई। पुलिस और दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए हैं और लापता पायलट की तलाश शुरू कर दी है।

तीन दिन पहले मेहसाणा में हुई थी दुर्घटना्र-इससे तीन दिन पहले ही मेहसाणा जिले में निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला प्रशिक्षु पायलट घायल हुई थी। इस मामले में पुलिस अधिकारी बडवा ने बताया कि शुरूआती जांच के अनुसार ट्रेनर एयरक्राफ्ट में कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण एकल इंजन वाला विमान मेहसाणा शहर के खुले मैदान में क्रैश हो गया। उन्होंने बताया, महिला प्रशिक्षु पायलट ने मेहसाणा हवाई अड्डे से उड़ान भरी। इसके बाद निजी विमानन अकादमी का यह प्रशिक्षण विमान उचर्पी के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

मार्च की शुरूआत में पश्चिम बंगाल-हरियाणा में हादसा- वहीं मार्च महीने के शुरूआत में सात मार्च को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में वायुसेना के परिवहन विमान ने क्रैश लैंडिंग की थी। हालांकि गनीमत थी कि इस दुर्घटना में एएन-32 विमान के चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए थे। इससे कुछ घंटे पहले हरियाणा के पंचकूला में मोरनी के बालदवाला गांव के पास भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। मामले में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। इस दुर्घटना में विमान के पायलट ने पैराशूट से उतरकर अपनी जान बचाई थी। माना जा रहा है कि विमान तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुआ था।

# लखनऊ में सीएम योगी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल



**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। लखनऊ में भाजपा के जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने सीएम को क्षेत्रीय मुद्दों से अवगत कराया। समय-समय पर लखनऊ पहुंचकर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलते रहते हैं साथ ही संगठन के साथ साथ क्षेत्र के मुद्दों पर भी चर्चा करतें हैं। उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ का खास माना जाता है।

जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की गई है। हमने क्षेत्र के विकास के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने संगठन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने पर जोर दिया। उनके साथ मौजूद उनके बेटे आकाश उपाध्याय व भांजा, मथुरा के विस्तारक सत्यम उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अभिभावक की तरह क्षेत्र की जानकारी ली।

साथ ही विपक्ष द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ फैलाए भ्रामक झूठ को जनता के बीच जाकर दूर करने की बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब को ध्यान में रखकर विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जो लोग बच गए हैं, उन्हें भी जल्दी ही लाभान्वित किया जाएगा।

# बिना नियमों के चल रहे 18 ई-रिक्शा वालों के काटे चालान



बागपत। जनपद बागपत में निर्बाध रूप से यातायात के मुक्त प्रवाह को गति प्रदान कराये जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पुलिस निरीक्षक (यातायात) बागपत एवं उनकी टीम के साथ मुख्य चौराहे राष्ट्र वन्दना चौक पर बिना प्रपत्रों के संचालित 18 ई-रिक्शाओं पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए चालान, निरूद्ध की कार्यवाही की गयी।

वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) बागपत राघवेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद बागपत में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों एवं नाबालिकों द्वारा ई-रिक्शाओं का संचालन पाये जाने पर अथवा ई-रिक्शा के वैध लाइसेंस के बिना ई-रिक्शाओं का संचालन पाये जाने पर उनके विरूद्ध निरन्तर प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही पूरे माह की जायेगी। उन्होंने सभी ई-रिक्शा,ऑटो रिक्शा चालकों से अनुरोध किया कि वह बिना पंजीयन, बिना लाइसेंस, बिना प्रपत्र के अपने वाहन संचालन कदापि न करें।

# भ्रष्टाचार:बरेली नाथ कॉरिडोर : धोपेश्वरनाथ मंदिर परिक्रमा मार्ग का नाली की मिट्टी-मलबा से हो रहा निर्माण



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,नाथ कॉरिडोर के तहत सातों नाथ मंदिरों को जोड़ने के लिए सड़कों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण किया जाना था। इसी के तहत धोपेश्वरनाथ मंदिर से तपेश्वरनाथ मंदिर तक सड़क बननी है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता की निगरानी में धोपेश्वरनाथ मंदिर परिक्रमा मार्ग सड़कों का काम लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा पूरा हो चुका है।धोपेश्वरनाथ मंदिर रोड की सीएफ -15 कालौनी के पास जब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य कासगंज की फार्म हनु इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया जा रहा है। जिसमें पैदल परिक्रमा मार्ग का निर्माण और मिट्टी भराव स्वच्छ मिट्टी से किया जाना है,लेकिन पीडब्लूडी विभाग के भ्रष्टाचार के चलते नाली की मिट्टी-मलबा से पैदल परिक्रमा मार्ग का निर्माण हो रहा है। जब इस मामले की शिकायत फर्म के मैनेजर श्रेयांक यादव से की गई तो बताया गया कि पीडब्ल्यूडी के अधिशासी और उनकी टीम लगातार निरीक्षण कर रहे हैं तो कार्य को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, तो क्षेत्रीय लोगों की शिकायत से कोई फर्क नहीं पड़ता है। उनकी पहुंच विभाग में उच्च स्तर पर है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को फोन करके उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई फोन उनका उठा नहीं ,वही मैनेजर की बातों से लगता है कि फर्म मालिक की सेटिंग विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों तक है जिन्होंने निर्माण को लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी हैं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बरेली/शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मण्डल की बैठक हुई सम्पन्न



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बरेली । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में आज बरेली/ शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 की निदेशक मण्डल की बैठक आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सिटी बसों हेतु 14 जगह पर इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने हैं, जिस पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने हेतु भूमि का चयन करने के निर्देश दिए गए साथ ही पीपीई मॉडल के आधार पर पेट्रोल पम्पों से भी बात करके चार्जिंग प्वाइंट बनाये जाने का भी सुझाव दिया गया।

बैठक में बताया गया कि रेलवे जंक्शन से शीशगढ़ के लिए पांच, रेलवे जंक्शन से शेरगढ़ वाया फतेहगंज के लिए छः व मिनी बाईपास से मनौना के लिए 13 कुल 24 बसें संचालित हैं। इनमें से सबसे अधिक यात्रियों की संख्या मनौना जाने वाली बसों में ही रहती है, जिस पर निर्देश दिए गए कि मनौना के लिए अनाधिकृत बसें चलती हैं तो उन पर रोक लगायी जाए जिससे सिटी बसों को लाभ मिल सके।

बैठक में निर्देश दिए गए कि पीलीभीत बाईपास से कार बाजार की दुकानों व अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि सथरापुर में निमार्णाधीन सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को यथाशीघ्र संचालित करें, जिससे बाकरगंज में एकत्रित कूड़े का निस्तारण हो सके।

बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, वी0सी0 बी0डी0ए0 मणिकंदन ए., एस0पी0 क्राइम सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में शाहजहांपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि0 के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी कि शाहजहांपुर शहर में उत्पन्न जाम के निवारण के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी है, जिस पर जानकारी दी गई कि ई-रिक्शा पर प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। 31 ई-रिक्शा कल सीज किये गये हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि शाहजहांपुर के बरेली मोड़ से प्राइवेट वाहन हटवाये जाएं, जिससे रोडवेज बसों को असुविधा ना हो। ऐसे रुटों का निर्धारण किया जाए जिन पर ई-रिक्शा चलना बिल्कुल प्रतिबंधित हो। ई-रिक्शा को फीडर सिस्टम की तरह यूज किया जाए।

बैठक में चार्टड एकाउन्ट का सेवाकाल बढ़ाने, 2023-24 के वार्षिक लेखों का सत्यापन किया जाने आदि विषयों पर चर्चा की गयी और निर्देश दिए गए कि फायर एनओसी के लिए प्रतिमाह एक स्मरण पत्र भेजा जाए।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लव कश्यप का हुआ



**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लव कश्यप जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रोड शो करते हुए बागपत पहुंचे।उनके यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

उनका रोड़ शो मवीकला पेरीफेरल हाइवे से शुरू कर-के काठा, पाली व राष्ट्र वंदना चौक पर पहुँचा। उन्होंने यहां पर शहीदों की प्रतिमाओं पर फूल माला पहनाकर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण करने के बाद व नगर के हिना गार्डन में पहुँचे। उन्होंने यहां पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी है, उसका वह भली-भांति पालन करेंगे और सभी कार्यकताओं को एक साथ लेकर चला जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और भी अधिक मजबूत बनाने की बात कही। उसके बाद लव कश्यप निवाड़ा होते हुए गुफा वाले बाबा के दर्शन करने पहुँचे। तत्पश्चात उन्होंने बड़ौत में नेहरू मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उसके बाद उन्होंने पुरामहादेव मंदिर के भी दर्शन किये। इस मौके पर नवाब अहमद हमीद, अनिल देव त्यागी, पूर्व प्रदेश महासचिव पंडित अनन्त कुमार भारद्वाज, अभि बडौत, संदीप शर्मा, अनिल तोमर, कार्तिकेय कौशिक, बबली नागर,वीर सिंह चौधरी,विक्रम कुशवाहा, एडवोकेट सरफराज अहमद,अशोक चौहान,सीमा मेहरा,पंकज कश्यप, रामलाल कश्यप, राजकुमार कश्यप, विक्रम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा, परिणाम की घोषणा की तैयारी

बरेली। प्रयागराज- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा आयोजित 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब लगभग पूरा हो गया है। बोर्ड ने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए बुधवार तक मूल्यांकन कार्य समाप्त कर लिया है। इसके बाद अब बोर्ड की पूरी कोशिश रिजल्ट को जल्द से जल्द घोषित करने पर है।

19 मार्च से शुरू हुआ मूल्यांकन कार्य 2 अप्रैल तक पूरा होने का लक्ष्य था, और अब शेष कार्य भी बुधवार तक पूरा होने जा रहा है। कुल 261 मूल्यांकन केंद्रों पर लगभग तीन करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। इनमें से 236 केंद्रों पर कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, जबकि शेष 25 केंद्रों में मंगलवार को अंतिम कॉपियों का मूल्यांकन हुआ।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम का तरणताल का हुआ शुभारम्भ



**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार शाम से इस सत्र के लिए तरणताल का शुभारंभ गुरुवार को किया। आरएसओ जीतेंद्र यादव का कहना है यहां दो पाली में बच्चों तैराकी सिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पहली शिफ्ट सुबह छह से नौ और दूसरी अपराह्न चार से छह बजे तक के दो स्लॉट चलाए जाएंगे।

बरेली के स्पोर्ट्स स्टेडियम में बना तरणताल बुधवार से गुलजार होगा। तैराकी प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले एथलीट व तैराकी के शौकीन लोग आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीकरण करा सकेंगे। इसमें 18 वर्ष के लोगों से 600 रुपये व इससे अधिक के लिए 800 रुपये प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंजीकरण के लिए 10 रुपये के फॉर्म के साथ दो फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति और त्वचा संबंधी कोई बीमारी न होने का प्रमाणपत्र पटल सहायक अविनाश कुमार के पास जमा कराना होगा। दो अप्रैल की शाम पांच बजे से इस सत्र के लिए तरणताल का शुभारंभ होगा। आरएसओ जीतेंद्र यादव के अनुसार सुबह छह से नौ और अपराह्न चार से छह बजे तक के दो स्लॉट चलाए जाएंगे।

# वक्फ संशोधन बिल से मुसलमानों को होगा फायदा इससे डरने की जरूरत नहीं बोले मौलाना शहाबुद्दीन



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। इस बिल से उनको कोई खतरा नहीं है। मौलाना ने उम्मीद जताई कि यह बिल संसद में पास हो जाएगा। इसमें कोई दिक्कत नहीं होगी। विपक्षी दल इसका विरोध करेंगे, क्योंकि उनको वोटबैंक की राजनीति करनी है।

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और सियासी जमातों के लोग मुसलमानों को डरा रहे हैं। वक्फ संशोधन बिल को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं। मगर मैं मुसलमानों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि इस बिल से उनकी न मस्जिदें छिनेंगी और न ही दरगाहें। कुछ भी छिनने वाला नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें।

मुसलमानों को होगा फायदा- मौलाना -मौलाना ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल से गरीब, कमजोर और लाचार मुसलमानों को फायदा होगा। उससे होने वाली आमदानी इन तमाम लोगों पर खर्च की जाएगी। उनकी शिक्षा पर काम किया जाएगा। इसकी आमदनी से स्कूल, कॉलेज, मदरसे और मस्जिदें खुलेंगी, उनका रखरखाव किया जाएगा। अनाथालय बनाए जाएंगे।

# देर रात शाहबाद बिलारी मार्ग पर बजरी भरा डंपर अनियंत्रित होकर पलटा



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। मंगलवार देर रात शाहबाद बिलारी मार्ग पर बजरी भरा डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। हादसे में डंपर चालक और परिचालक के साथ अन्य व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। जिनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए तीनों को रेफर कर दिया। लेकिन परिजन तीनों लोगों को अच्छे उपचार के लिए मुरादाबाद के हायर सेंटर ले गए। डंपर स्वामी को रात में ही सूचना दी गई मौके पर हाइड्रा मंगा कर डंपर को मार्ग से हटाया गया और बजरी को दूसरे डंपर में भरकर मौके से हटाया गया तब जाकर शाहबाद बिलारी मार्ग पर आवागमन आरंभ हुआ।

# प्रिंसिपल योगेंद्र वर्मा का प्रजापति समाज द्वारा भव्य स्वागत



**एनपीटी ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत। बड़ौत जैन कॉलेज के नवनियुक्त प्रिंसिपल योगेंद्र वर्मा का नगर की पट्टी मीरापुर में भव्य स्वागत किया गया। प्रजापति समाज के लोगों ने प्रिंसिपल योगेंद्र वर्मा का फूल–मालाएं पहना कर उनका स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें पूर्व प्रिंसिपल वकील चंद जैन, डीजे इंटर कॉलेज बड़ौत, श्याम सिंह फौजी, डॉक्टर अशोक कुमार, सुरेंद्र मलानिया, लकी टेलीकॉम, राजीव प्रजापति, रामवीर जूस वाले, राजेंद्र फूल वाले आदि शामिल रहे। सभी ने मिलकर प्रिंसिपल योगेंद्र वर्मा के गले में फूलों की माला डालकर उनका सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मान समारोह में पूर्व फौजी श्याम सिंह प्रजापति, श्री दक्ष प्रजापति सेवा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार आदि गणमान्य व्यक्तियों ने प्रिंसिपल योगेंद्र वर्मा की कार्यशैली और समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि योगेंद्र वर्मा न केवल एक कुशल प्रशासक हैं बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा, योगेंद्र वर्मा का शिक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में जो योगदान है, वह सराहनीय है। उनका अनुभव और अनुशासन कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। समाज को ऐसे शिक्षकों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस आयोजन में समाज के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और अपने प्रिय शिक्षाविद के सम्मान में तालियां बजाकर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# घर से खेत पर गए किसान का प्लॉट में मिला शव

ककोड़ (बुलंदशहर) मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी करते हुए जांच पड़ताल की, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर के कमाने वाले शख्स की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। बुलंदशहर के ककोड़ में घर से खेत पर फसल में पानी लगाने की बात कह कर गए गांव धनौरा निवासी सतवीर का शव बुधवार सुबह एक प्लॉट में पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक की गर्दन पर चोट का निशान होने से हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## संपादकीय

# मनुष्य जीवन के लिये खतरे की घंटी

तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। यह बात अलग है कि कई निष्कर्षों को लेकर विदेशी बाजार व कारोबारियों के लक्ष्य भी होते हैं। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। इस दिशा में न केवल केरल बल्कि अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन होने चाहिए। वैसे तो एक खास वर्ग ही बोतलबंद पानी का उपयोग करता है, लेकिन पानी के अन्य स्रोतों का भी गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिये। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है।


हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। सर्वविदित है कि देश के नीति-नियंताओं की कार्यस्थली दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। कमोबेश देश के कई अन्य शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं। विडंबना देखिये न तो सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत हैं और न ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जनता जागरूक है। वहीं मुफ्त की रेवड़ियों की आस रखने वाले मतदाता इस गंभीर संकट को चुनावी मुद्दा बनाने की बात कभी नहीं करते। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं,लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

# मथुरा-काशी से जुड़ी नई मुहीम का आह्वान

**दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया।**

हिंदू समूहों का दावा है कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट करके उनके ऊपर मस्जिदें बना दीं। इसीलिये विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने 1984 में तीन मंदिरों की बात की थी, जिनमें में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर बन चुका है। इसके बाद कई लोगों को लगने लगा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उसके अन्य सहयोगी संगठन इससे संतुष्ट हो चुके हैं और काशी व मथुरा के विषय को जैसे उन्होंने त्याग दिया है या भूला दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है, लोकसभा में वक्फ विधेयक के पेश किए जाने से कुछ ही घंटे पहले संघ के सरकार्यवाह एवं महामंत्री दत्तात्रेय होसबाले ने काशी ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े आंदोलनों-कार्यक्रमों में संघ के स्वयंसेवकों को न रोकने की बात कह कर एक नई मुहीम के आह्वान का अप्रत्यक्ष रूप से संकेत दे दिया है, जिसके गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं। पिछले कुछ समय से इनको लेकर एक ऊहापोह की स्थिति थी, लेकिन संघ के इस मुद्दे पर छाये धुंधलको को हटाते हुए अपने नये बयान से ऊर्जा का संचार किया है। भले ही इससे राजनीति गमार्ये, लेकिन हिन्दू आस्था को इससे खुशी मिली है।

संघ की कन्नड़ साप्ताहिक पत्रिका विक्रमा को दिए इंटरव्यू में होसबाले ने साफ कर दिया कि उस समय यानी 1984 में विश्व हिंदू परिषद और साधु-संतों ने तीन मंदिरों की बात की थी। इसलिए अगर संघ के स्वयंसेवक इन मंदिरों के लिए काम करना चाहते हैं, तो हम उनको रोकेंगे नहीं। साफ है, इस बयान के बाद इन मथुरा-काशी दोनों स्थलों से जुड़े विवाद और इनके आंदोलनों को एक नई ऊर्जा, इन मन्दिरों के जीर्णोद्धार, स्वतंत्र अस्तित्व हासिल करने में सफलता मिलेगी। इससे एक बार फिर भाजपा की ताकत बढेगी एवं हिन्दुओं को एकजुट करने का वातावरण बनेगा। बिहार



में कुछ ही माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और साल 2027 की शुरूआत में ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होंगे। बिहार एवं उत्तर प्रदेश दोनों ही प्रदेशों में जातिगत गणना और आरक्षण को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिशें हो रही हैं। इन दोनों चुनावों में काशी और मथुरा बड़ा मुद्दा बने, तो कोई आश्चर्य नहीं है। दोनों मन्दिर बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के दो छोरों पर स्थित हिंदुओं के दो बड़े पवित्र एवं पावन धर्मस्थल हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के रूप में और वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के रूप में हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण आस्था-स्थल हैं, जहाँ लोग मोक्ष प्राप्ति के लिए आते हैं। दोनों मंदिर हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और करोड़ो भक्तों को आकर्षित करते हैं, दोनों मंदिर भारतीय संस्कृति और इतिहास का अहम हिस्सा हैं और उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्ते हैं।

काशी में विश्वनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर का पुनरुद्धार केवल भौतिक संरचनाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास नहीं है-यह भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सार को पुनर्जीवित करने एवं आहत हिन्दू आस्था पर मरहम लगाने का आह्वान है। सनातन धर्म की शाश्वत विरासत के प्रतीक ये मंदिर आक्रमणकारियों के सदियों के हमलों के बावजूद हिंदुओं की दृढ़ता और भक्ति के प्रमाण हैं। इन पवित्र स्थलों को पुनः प्राप्त करना हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करने, हमारी विरासत को संरक्षित करने और हमारी समृद्ध परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंदू मंदिरों के बारे में सच्चाई सबके सामने है, लेकिन ये मामले अनसुलझे हैं। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के ये स्थल लंबी अदालती लड़ाई के बावजूद अभी भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं।

दत्तात्रेय होसबले का यह साक्षात्कार महत्वपूर्ण होने के साथ दूरगामी सोच से जुड़ा है। हालांकि, होसबले ने अपने इसी इंटरव्यू में देश की सभी मस्जिदों को मुद्दा बनाने की प्रवृत्ति को सामाजिक ताने-बाने के लिए नुकसानदेह बताकर संतुलन साधने की कोशिश की है। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशना सही नहीं है। भले ही पिछले साल दिसंबर में मस्जिदों को लेकर उठ रहे विवाद को शांत करने का उन्होंने यह प्रयास किया था। लेकिन काशी और मथुरा भी उसमें शामिल रहे हो, ऐसा कैसे सोचा जा सकता है? होसबले ने इस साक्षात्कार में गौ हत्या, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी चिंताओं को स्वीकार किया। उन्होंने अस्पृश्यता यानी छुआछूत को खत्म करने, युवाओं में संस्कृति के संरक्षण और देशी भाषाओं की सुरक्षा जैसे समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। भाषा नीति पर होसबाले ने त्रिभाषी दृष्टिकोण का समर्थन किया और इसे 95 प्रतिशत भाषाई विवादों का समाधान बताया। उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनमें शिक्षित लोगों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

होसबोले ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि वैश्विक भूराजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। यदि भारत में हिंदू समाज मजबूत और संगठित नहीं है, तो केवल अखंड भारत के बारे में बोलने से परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अतीत की खोज में लगे रहने से समाज अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तनों पर अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएगा, जैसे अस्पृश्यता को समाप्त करना, युवाओं में मूल्यों का संचार करना तथा संस्कृति और भाषाओं को संरक्षित करना। निश्चित ही होसबले के बोल से जहां हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा को बल मिला है, वहीं राष्ट्रीयता भी मजबूत होती हुई दिख रही है। संघ की स्थापना भी इसी उद्देश्य एवं राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी।

हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो न जाये, हिन्दू समाज पर रह-रह हो रहे हमले रूके, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास विराम पाये-इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने की दृष्टि से होसबले ने जगाया है, चेताया है, संगठित होने का आह्वान किया है। निश्चित तौर पर इन दोनों मन्दिर मुद्दों को नए सिरे से हवा देने की इस कवायद ने संघ विरोधियों एवं मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के सामने एक नई गंभीर चुनौती पेश की है। खासकर यह देखते हुए कि अयोध्या की रणनीतिक सफलता ने हिंदुत्व की राजनीति का आधार मजबूत किया है, हिन्दुओं को संगठित किया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच संघ की तरफ से पहले भी कई बयान आते रहे हैं। ये बयान दशार्ते हैं कि संघ भले ही सीधे-सीधे विवाद से खुद को भले ही अलग रखता हो, वैचारिक रूप से वह इनको पूरा समर्थन देता है। संघ का समर्थन देश को अराजक बनाने का कभी नहीं रहा, उसके सामने बड़ा लक्ष्य देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का भी है। बांग्लादेश समेत कई पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी शक्तियां नए सिरे से सक्रिय होने लगी हैं, उनसे लड़ने की ताकत एवं रणनीति भी संघ चाहता है। संघ सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत के आदर्श को आकार देने के लिये प्रतिबद्ध है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति जैसे आंदोलनों ने भारत के सभी वर्गों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से संगठित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा, शासन में सहभागिता से लेकर ग्रामीण विकास तक, राष्ट्रीय जीवन का कोई भी पहलू संघ के स्वयंसेवकों से अछूता नहीं है।

सौ वर्षों की संघ यात्रा हिन्दू एकता, विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य के संकल्प के साथ-साथ काशी-मथुरा के मुद्दे से भी जुड़ी है। हिंदुओं को बचाने और उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ देश सेवा में तत्पर करने के लिये उनकी आस्था एवं अस्तित्व पर लगे घावों को तो भरना ही होगा।

# सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष के अविचल योद्धा थे हरकिशन सिंह सुरजीत

**(आलेख : कुर्बान अली)**

23 मार्च 1931 को शहीदझ्रएझ्रआजम भगत सिंह की शहादत ने देश के हजारों युवाओं को प्रभावित किया। उनमें से एक थे कॉमरेड हरकिशन सिंह सुरजीत, जो बाद में एक कट्टर राष्ट्रवादी, किसान नेता, कम्युनिस्ट नेता, सांसद और फिर किंगमेकर बने।

23 मार्च, 1916 को पंजाब के जालंधर जिले के बडाला गांव में एक बस्सी जाट सिख परिवार में जन्मे सुरजीत ने छोटी उम्र में ही भगत सिंह की पूजा करना शुरू कर दिया था और उनके एक उत्साही अनुयायी के रूप में वे 1930 में भगत सिंह की नौजवान भारत सभा में शामिल हो गए। उस समय उनकी उम्र बमुश्किल 15 साल थी।

भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों से प्रेरित होकर, सुरजीत ने एक किशोर के रूप में मार्च 1932 में होशियारपुर की एक अदालत पर भारतीय तिरंगा फहरा दिया। यह एक ऐसी कार्रवाई थी, जिसके कारण पुलिस को गोलियां चलानी पड़ीं। वह बच गए, लेकिन अपने इस अवज्ञाकारी कृत्य के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और किशोर अपराधियों के एक सुधार गृह में भेज दिया गया। लेकिन इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए सुरजीत को ह्ललंदन तोड़ सिंहह्व (औपनिवेशिक सत्ता के केंद्र लंदन को तोड़ने वाला) की उपाधि मिली।

अपनी रिहाई के बाद, कॉमरेड हरकिशन सिंह सुरजीत ने पंजाब में अपनी राजनीति की शुरूआत की। वे पंजाब में शुरूआती कम्युनिस्ट अग्रदूतों के संपर्क में आए और उन्होंने 18 साल की उम्र में साम्यवाद को अपनाया। 1934 में वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) में शामिल हो गए, जो कांग्रेस के बाद भारत की दूसरी सबसे शक्तिशाली पार्टी थी। तीन दशक बाद, वे उन नौ लोगों में से एक थे, जिन्होंने सीपीआई से अलग होकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (सीपीआई-एम) की स्थापना की।

यहाँ यह उल्लेख करना दिलचस्प है कि जब सुरजीत 1936 में बहुत छोटे थे, तो उन्होंने अपने गाँव के खेत में दो एकड़ में खड़ी मक्के की फसल को नष्ट कर दिया था, ताकि तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू वहां अपनी एक सभा कर सकें, जिसे उनके विरोधियों द्वारा रोका जा रहा था। युवा इंदिरा गांधी भी इस बैठक के लिए अपने पिता के साथ वहां गई थीं।

कम्युनिस्ट पार्टी में रहते हुए, सुरजीत 1935 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य बने। 1938 में उन्हें पंजाब राज्य किसान सभा का सचिव चुना गया। उसी वर्ष, उन्हें पंजाब से निर्वासित कर दिया गया और वे उत्तर प्रदेश के सहारनपुर शहर चले गए, जहाँ उन्होंने मासिक पत्र ह्यचिंगारी और बाद में दुखी दुनिया शुरू किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के छिड़ने के बाद जब सुरजीत भूमिगत थे, तब उन्हें 1940 में गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें कुख्यात लाहौर की लाल किले जेल में कैद किया गया, जहाँ उन्हें तीन महीने तक भयानक परिस्थितियों में एकांत कारावास में रखा गया।



बाद में उन्हें राजस्थान के देवली डिटेंशन कैंप जेल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ वे 1944 तक रहे। 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब वे पंजाब में सीपीआई के सचिव थे। विभाजन के दौरान, उन्होंने हिंसाग्रस्त पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया।

स्वतंत्रता के ठीक बाद, सुरजीत को चार साल के लिए भूमिगत होना पड़ा क्योंकि उस समय कम्युनिस्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पंजाब में किसानों को संगठित करने में अपनी छाप छोड़ी और उस समय की प्रभावशाली अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष बने। उन्होंने खेत मजदूर यूनियन में भी काम किया।

1959 में उन्होंने पंजाब में ऐतिहासिक सुधार विरोधी लेवी आंदोलन का नेतृत्व किया। किसानों के साथ उनके काम ने उन्हें अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव और फिर अध्यक्ष के रूप में चुना।

सुरजीत जनवरी 1954 में पार्टी की तीसरी कांग्रेस में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के लिए चुने गए थे। वे 1964 में विभाजन तक सीपीआई के नेतृत्व में बने रहे। सुरजीत उन नेताओं में से एक थे, जिन्होंने संशोधनवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी और नेतृत्व के उस मुख्य समूह का गठन किया, जिसने सीपीआई (एम) का निर्माण किया।

1964 में, वे सातवीं कांग्रेस में सीपीआई (एम) की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के लिए चुने गए और सीपीआई (एम) की उन्नीसवीं कांग्रेस तक इन पदों पर बने रहे। किसान आंदोलन को विकसित करने और पार्टी के निर्माण में उनके गहरे अनुभव ने उन्हें कम्युनिस्ट आंदोलन में पैदा हुए विचलन के खिलाफ लड़ने को।

इन दशकों में सुरजीत ने पार्टी की कार्यक्रम संबंधी और रणनीतिक नीतियों को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे एक कुशल रणनीतिकार थे, जो पार्टी की राजनीतिक लाइन को व्यवहार में ला सकते थे, इसे बड़ी कुशलता और नवीनता के साथ लागू कर सकते थे।

एचकेएस ने 1992 से 2005 तक भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव के रूप में कार्य किया और 1964 से 2008 तक पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य रहे।

हरकिशन सिंह सुरजीत 1954 से 1959 तक एकीकृत सी.पी.आई. सदस्य के रूप में पंजाब विधानसभा के सदस्य रहे। 1967 में वे सी.पी.आई. (एम) की ओर से पंजाब विधानसभा के लिए चुने गए और 1972 तक इस पद पर रहे। वे 10 अप्रैल 1978 को सी.पी.आई. (एम) उम्मीदवार के रूप में पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने गए और 9 अप्रैल 1984 तक छह साल तक इस पद पर रहे।

सुरजीत ने राष्ट्रीय एकता की रक्षा और विभाजनकारी ताकतों से खतरे का मुकाबला करने के लिए नीतियां बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका दृढ़ रुख और नेतृत्व तथा उग्रवाद से लड़ने में 200 से अधिक कम्युनिस्टों द्वारा दिया गया बलिदान एक गौरवशाली अध्याय है। पचास के दशक के उत्तरार्ध से सुरजीत जम्मू और कश्मीर की समस्याओं से निपटने में शामिल रहे। उन्होंने अस्सी के दशक में असम समझौते के विकास में भूमिका निभाई। साम्राज्यवादझ्रविरोधी भावना और राष्ट्रवादी आंदोलन के मूल्यों से ओतप्रोत सुरजीत राष्ट्रीय एकता के सभी मुद्दों को लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से देखते थे।

साम्प्रदायिकता के खिलाफ उनकी लड़ाई आजीवन चली। वे उन पहले नेताओं में से एक थे, जिन्होंने सांप्रदायिक ताकतों के उदय से भारतीय राज्य के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत के लिए उत्पन्न खतरे को पहचाना। सुरजीत ने 1989, 1996 और 2004 में राजनीतिक संरचनाओं के निर्माण और सांप्रदायिक ताकतों को बाहर रखने वाली सरकारों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीपीआई(एम) में सुरजीत ने तीन दशकों तक अंतरराष्ट्रीय विभाग का नेतृत्व किया। इस दौरान, उन्होंने दुनिया भर की सभी कम्युनिस्ट और प्रगतिशील पार्टियों के साथ संबंध विकसित किए। उनके नेतृत्व में, सीपीआई(एम) ने साम्राज्यवादझ्रविरोधी संघर्षों और राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों के साथ दृढ़ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने वियतनाम मुक्ति संघर्ष, फिलिस्तीनी आंदोलन और क्यूबा एकजुटता अभियान के दौरान एकजुटता गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान दिया।

सीपीआई(एम) के महासचिव के रूप में, वे देश में वामपंथी और लोकतांत्रिक ताकतों के सबसे आधिकारिक प्रवक्ता बन गए। उन्होंने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा के लिए अथक प्रयास किया और यह सुनिश्चित किया कि भारत अपनी गुटनिरपेक्ष और स्वतंत्र विदेश नीति को बनाए रखे। राजनीतिक हलकों में उनके विचारों को मांगा जाता था और उनकी सलाह को सम्मान के साथ सुना जाता था।

उनके मिलनसार रवैये झ्र और साथियों के बीच एक दुर्लभता, मजाक साझा करने की उनकी क्षमता झ्र ने उन्हें भारतीय राजनीतिक प्रतिष्ठान के प्रमुख लोगों के साथ दोस्ती करने में बहुत मदद की। इसलिए, जब भारत ने गठबंधन युग में प्रवेश किया, तो सुरजीत स्वाभाविक किंगमेकर बन गए।

# यूपीः नगर निकायों की राजस्व वसूली 44 फीसदी बढ़ी, इन तीन शहरों से आया सबसे ज्यादा राजस्व, ये शहर टॉप पर

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के स्थानीय नगर निकायों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 44.5% की राजस्व वृद्धि दर्ज की है। सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शहरों में लखनऊ नंबर एक पर है।

प्रदेश के स्थानीय नगर निकायों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 44.5% की राजस्व वृद्धि दर्ज की है। इस वर्ष नगर निकायों द्वारा 5,568 करोड़ की राजस्व वसूली की गई। नगर विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले 17 प्रमुख नगर निगमों ने 4,140 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 4,586 करोड़ की वसूली की, जिससे 11% की अतिरिक्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। छोटे शहरों ने बड़े शहरों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। मथुरा ने 106% की वृद्धि दर्ज की, जबकि झांसी ने 85% की वृद्धि हासिल की। गाजियाबाद ने भी 72% की वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि यह वृद्धि नगर निकायों द्वारा अपनाई गई रणनीतिक नीतियों और डिजिटल सुधारों का परिणाम है। खासकर, गैर-कर राजस्व में 90% की वृद्धि यह दर्शाती है कि नगरपालिकाएं केवल पारंपरिक कराधान पर निर्भर रहने के बजाय अन्य स्रोतों से भी आय अर्जित कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि कुल 17 नगर निगमों का राजस्व 3,140 करोड़ से बढ़कर 4,586 करोड़ हो गया है। कर राजस्व 2,235.48 करोड़ से बढ़कर 2,870.4 करोड़ हो गया। इस वित्तीय वर्ष में राजस्व योगदान के हिसाब से लखनऊ (1,355.32 करोड़), कानपुर (720.62 करोड़) और गाजियाबाद (609.89 करोड़) शीर्ष स्थान पर रहे। गाजियाबाद ने 336% की शानदार वृद्धि के साथ गैर-कर राजस्व में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मुरादाबाद का गैर-कर राजस्व 29% घट गया।

उत्तर प्रदेश के 762 शहरी स्थानीय निकायों (नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों) के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले चार वर्षों में राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2021-22 में कुल राजस्व 2,494.42 करोड़ था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2,915.01 करोड़ हो गया। चार वर्षों में कुल 123% की वृद्धि हुई, जिसमें 2024-25 में अब तक की सबसे अधिक साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की गई।

राजस्व संग्रह के आधार पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर

**लखनऊ -1,355.32 करोड़**

**कानपुर -720.62 करोड़**

**गाजियाबाद -609.89 करोड़**

**छोटे शहरों की बड़ी उपलब्धि**

छोटे नगरों की राजस्व वृद्धि बड़े शहरों से अधिक रही। मथुरा ने 106% और झांसी ने 85% की शानदार बढ़त दर्ज की।

**मथुरा -106% वृद्धि**

**झांसी- 85% वृद्धि**

**गाजियाबाद - 72% वृद्धि**

## खबर का असरः

# डीएम के निर्देश पर पुरानी तहसील मैदान की हुई साफ सफाई

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर निवासी एडवोकेट फराज उन नबी ने पुरानी तहसील के मैदान मे पसरी गंदगी को साफ सफाई करने की मांग को लेकर डीएम रामपुर से गुहार लगाई थी, जिस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद डीएम ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए नगर पंचायत को मैदान की सफाई कराने के निर्देश दिए। बुधवार को जेसीबी की मदद से मैदान में फैली गंदगी की सफाई की गई। एड. फराज उन नबी ने जिलाधिकारी और शाहाबाद वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड व नगर पंचायत शाहबाद का शुक्रिया अदा किया।

# भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष बड़े भाई विनय रतन सिंह जी के जन्मदिन पर ग्राम महूनागर अंबेडकर पार्क में भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के जिला संयोजक सुवीर आजाद के नेतृत्व में केक काटकर भाई का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और इसी दौरान भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन की सदस्यता भी ग्रहण कराई गई और लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए आग्रह किया गया। इस मौके पर की कमान संभाल रहे संचालक महोदय बड़े भाई धर्मेंद्र सिंह जी,आज के चीफ गेस्ट कुलदीप अंबेडकर जी मंडल प्रभारी मुरादाबाद, आंसू प्रधान मुरादाबाद जिला संयोजक (बी ए एस फ),आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह जी,जुल्फिकार तुर्की जी, जागीरदास फौजी 38 विधानसभा अध्यक्ष,पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी शिवम सागर जी ,संजीव कुमार पूर्व मंडल प्रचारक, राहुल सागर जी जिला प्रभारी आजाद समाज पार्टी महासिंह जी जिला उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी राम भरोसे जी कोषाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी सोनू आर्य जिला कोषाध्यक्ष (बी ए एस एफ)मुरादाबाद, अंश जिला सहसंयोजक (बी ए एस एफ),आशीष कुमार ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बसंत कुमार, राहुल सागर ,अमित कुमार,संजीव कुमार जिला कोर कमेटी सदस्य रामपुर , सत्यवीर सिंह जिला कोर कमेटी सदस्य,विमल कुमार ब्लॉक अध्यक्ष (ए एस पी), कुन्नू 5ऋएवं साथ में चलकर आए मुख्य अतिथियों के साथ मौजूद रहे

# शाहाबाद में मोबाइल की दुकान से चोरो ने लाखों रुपए के मोबाइल फोन चुराने का आरोप

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। मंगलवार देर रात डेढ़ बजे के आसपास नगर के बिलारी तिराहे स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने ऊपरी तल पर बनी मार्केट में स्थित मोबाइल की दुकान का शटर काटकर नकाबपोश चोर दुकान के अन्दर घुस गया। चोर ने दुकान में घुसकर आधे घंटे तक अंदर रखे सामान को खंगाला। चोरी की पूरी वारदात दुकान के अन्दर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। दुकान खोलने के लिए सुबह में जब दुकान मालिक दुकान पर पहुंचे तो दुकान का कटा शटर देखकर उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत डायल 112 पर काल कर पुलिस को बुला लिया। डायल 112 ने थाना शाहबाद की पुलिस को सूचित किया। दुकान स्वामी का आरोप है कि चोर शटर काटकर दुकान के अन्दर रखे लाखों रुपए के मोबाइल फोन निकलकर ले गए। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि सीसीटीवी में चोर दुकान के अन्दर घुसता हुआ दिख रहा है। चोर के हाथ में मोबाइल भी दिखाई दिया है। हम तफ्तीश कर रहे है। हालांकि हमारे पास अभी तक लिखित में कोई तहरीर नहीं आई है।

# मथुरा वृंदावन नगर निगम में पार्षद पुत्र कर रहा है नियम विरुद्ध नौकरी



मथुरा। मथुरा वृंदावन नगर निगम के करीब तीन दर्जन पार्षदों ने अपने अपने आप को वरिष्ठ पार्षद कहने वाले राजवीर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों के एक दल ने मंगलवार पूर्वान्ह भूतेश्वर स्थित नगर निगम के ऑफिस में नगर आयुक्त शशांक चौधरी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद राजीव सिंह और हनुमान पहलवान ने उनको अवगत कराया कि वार्ड न. 46 राधानगर के पार्षद राजवीर सिंह का पुत्र खगेश कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर निगम में कार्यरत है जो कि नियम विरुद्ध है। इसको तत्काल ऑपरेटर की नौकरी से हटा दिया जाए क्यूंकि नगर निगम के नियमों के अनुसार किसी भी पार्षद का कोई भी परिजन निगम में नौकरी नहीं कर सकता है। यह बात सुनकर नगर आयुक्त ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी गठित कर दी है। कुछ अन्य पार्षदों ने आरोप लगाया है कि राजवीर सिंह अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कर्मचारियों के तबादले की धमकी देते हैं। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद पति तिलक वीर सिंह चौधरी अंकुर गुर्जर धर्मेश नौहवार पार्षद पति दिनेश चौधरी पार्षद पति मुन्ना मलिक हेमंत खंदौली पार्षद पति निरंजन सिंह कुंतल यतेंद्र माहौर विकास दिवाकर तरुण सैनी नाजरा बेगम कुलदीप पाठक मोनिका हेमलता पूजा बृजेश अहेरिया उमा मनीष दीक्षित विवेक पाराशर सानिया आदि पार्षद मौजूद रहे।

# मथुरा के शहर में गड्ढों से कराह रहीं सड़कें



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। शहर की कई सड़कें गड्ढों से कराह रहीं हैं। ऐसे में राहगीर हिचकोले खाकर गुजरने के लिए मजबूर हैं। इससे इतर अधिकारी बनी सड़कों की मरम्मत के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। वहीं सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का बजट फाइलों में ही पूरा हो रहा है। इस ओर वरिष्ठ अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, लेकिन हकीकत इसके उलट है। अधिकारी मथुरा-वृंदावन में सड़कों का जाल बिछाकर विकास का दावा कर रहे हैं। देखरेख के अभाव व गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें तय समय से पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित भी कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की तमाम उपेक्षित सड़कें अब भी बदहाली के कारण सिसक रहीं हैं। कृष्णपुरी व कृष्णानगर की सड़कों का भी कुछ ऐसा ही हाल है। वर्तमान में यहां की सड़कों वा बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। मार्च के अंतिम सप्ताह में जिम्मेदारों ने टैंक चौराहे से कचहरी रोड, मछली फटक से धौलीप्याऊ रोड, डैंपियर नगर में गोल चक्कर से मछली फाटक तक की सड़क समेत कई मार्गों को फिर से बना दिया। रास्ते में गड्ढे ही नजर आते हैं। कई बार जनप्रतिनिधियों के सड़क का सुधार करने की मांग की गई। इसके बाद भी अब तक न तो सड़क सुधरी और न ही लोगों को राहत मिली।

# पुलिस की वर्दी में रील बनाकर युवतियों को फंसाया, फर्जी असिस्टेंट कमांडेंट पकड़ा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा के हाईवे थाना क्षेत्र की युवती के भाई को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर उससे विवाह करने वाले फर्जी असिस्टेंट कमांडेंट को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस व अर्द्धसैनिक बल की वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर रील व फोटो डालकर युवतियों-महिलाओं को फंसाता था। सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी भी करता था। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ थाना हाईवे में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पकड़े गए आरोपी प्रयागराज के थाना कोरांव के लौवाकोन निवासी हरीश कुमार उर्फ सौरभ श्रीवास्तव के खिलाफ प्रयागराज में भी ठगी का मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, तभी से प्रयागराज और मथुरा पुलिस आरोपी की तलाश में टीमें जुटी थी। आरोपी किसी काम से मथुरा घूमने के लिए आया था। इस दौरान पुलिस ने सोमवार रात सौंख रोड से उसे गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से पुलिस का स्टीकर लगी कार, एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट का आईकार्ड, सीआरपीएफ यूनिफॉर्म, बेल्ट, नेम प्लेट, यूपी पुलिस की कैप, दो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, नौ डेबिट कार्ड, एक दर्जन व्यक्तियों के आधार कार्ड, दो लैपटॉप, लैपटॉप में बड़ी संख्या में सैन्य कर्मियों व अधिकारियों के फोटो, आधारकार्ड, स्वयं की वर्दी में फोटो आदि बरामद किए हैं।आरोपी प्रयागराज में एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में एजेंट का काम करता है। बीमा कराने के लिए पुलिस व अद्धसैनिक बल के विभिन्न कैंप में विजिट करता था। पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने अर्द्धसैनिक बल, आरपीएफ आदि में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी की बात स्वीकार की है। सीओ श्वेता वर्मा ने बताया है कि आरोपी से पूछताछ कर और जानकारी जुटाई जा रही है। उसकी पहचान प्रयागराज के थाना कोरांव के लौवाकोन निवासी हरीश कुमार उर्फ सौरभ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वर्दी पहनकर फोटोग्राफ्स व वीडियो बना सोशल मीडिया पर लोगों को फंसाता था।

# मथुरा के रेलवे स्टेशन पर सरदार ने यात्री पर कटार मारकर किया लहुलूहान, मची अफरा-तफरी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा जंक्शन पर बुधवार सुबह11 बजे जैसे ही नांदेड़ से चलकर अमृतसर जा रही सचखंड एक्सप्रेस जंक्शन पर रुकी। तभी ये वारदात हुई। बताया गया है कि सचखंड एक्सप्रेस में आगरा से मथुरा आने के लिए जनरल कोच में सवार यात्री प्रवीन और सरदारों में सीट को लेकर विवाद हो गया। जंक्शन पहुंची ट्रेन से जैसे ही यात्री उतरा तभी एक सरदार ने उसके कटार मार दी। नांदेड़ से अमृतसर जा रही सचखंड एक्सप्रेस के जनरल कोच में सरदार और एक अन्य यात्री के बीच सीट को लेकर विवाद बढ़ गया। ट्रेन जैसे ही जंक्शन पहुंची तो फिर विवाद हुआ। इसी दौरान प्लेटफार्म दो पर यात्री के उतरते समय सरदार यात्री ने दूसरे यात्री के कटार मार दी, जिससे वह घयाल हो गया। इस हमले के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंच गई। जीआरपी ने आरोपी सरदार को पकड़ लिया। सूचना पर आरपीएफ के अधिकारी में मौके पर पहुंच गए। घायल यात्री को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## यूपीः

## यूपीः सीएम के आदेश पर निलंबित

# आईएएस अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ । 2006 बैच के आईएएस अभिषेक प्रकाश के तकरीबन पूरे कार्यकाल की विजिलेंस द्वारा जांच की जाएगी। इससे संबंधित आदेश सीएम योगी ने जारी किया था।

इंवेस्ट यूपी में निवेशक से वसूली के आरोप में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद से निलंबित किए गए आईएएस अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस ने भी गोपनीय जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसूली के आरोप के बाद अभिषेक प्रकाश की सभी चल-अचल संपत्तियों की जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद नियुक्ति विभाग ने गृह विभाग को पत्र लिखा था। गृह विभाग ने परीक्षण के बाद विजिलेंस को जांच शुरू करने का निर्देश दिया है।

सूत्रों की मानें तो वर्ष 2006 बैच के आईएएस अभिषेक प्रकाश के तकरीबन पूरे कार्यकाल की विजिलेंस द्वारा जांच की जाएगी। इंवेस्ट यूपी में तैनाती से पूर्व वह लखीमपुर खीरी, बरेली, हमीरपुर, लखनऊ, अलीगढ़ के डीएम रह चुके हैं। वह लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के पद भी तैनात



रहे हैं। लखीमपुर और बरेली में डीएम रहने के दौरान कई बीघा कृषि योग्य भूमि खरीदने के आरोपों की बीते दिनों जांच भी कराई गई थी, हालांकि यह भूमि उनके करीबी परिजनों के नाम पर खरीदे जाने की वजह से उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी।

अब विजिलेंस उनकी और उनके करीबी परिजनों के नाम पर खरीदी गई सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटाएगा। साथ ही, यह पड़ताल भी करेगा कि पूरे कार्यकाल के दौरान कुल वैध आय कितनी रही और उन्होंने चल-अचल संपत्तियों को खरीदने और भरण-पोषण पर कितना व्यय किया। विजिलेंस गोपनीय जांच पूरी करने के बाद अभिषेक प्रकाश का स्पष्टीकरण लेगा और अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर विजिलेंस शासन के निर्देश पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करेगा।

बता दें कि इंवेस्ट यूपी मामले में अभिषेक प्रकाश के करीबी बिचौलिए निकांत जैन की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने भी इस प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर आयकर विभाग डिफेंस कॉरीडोर भूमि घोटाले की जांच करने जा रहा है। इस घोटाले के दौरान अभिषेक लखनऊ के डीएम थे। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट में उन्हें भी दोषी बताया गया है। इसके अलावा उनके खिलाफ नियुक्ति विभाग विभागीय जांच भी कर रहा है। नियुक्ति विभाग ने उन्हें आरोप पत्र भी थमाया है।

# बरसाना में जाम से परेशान लोग सड़क पर उतरे

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मथुरा। बरसाना के कस्बे में आए दिन लगने वाले जाम से परेशान स्थानीय लोग मंगलवार को सड़क पर उतर आए। धरना देकर प्रदर्शन किया और गाड़ियों को वापस भेज दिया। यादव मोहल्ला तिराहा से जयपुर मंदिर-पहाड़ी मार्ग तक चलने वाली गाड़ियों से राधारानी मंदिर जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार पहाड़ी मार्ग से उतरते समय चार पहिया वाहनों से हादसे भी हो चुके हैं। ब्रह्मांचल पर्वत से होकर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु पैदल मंदिर पहुंचते हैं। गाड़ियों के कारण उनका निकलना मुश्किल हो जाता है। परिक्रमा मार्ग में वाहनों की कतार लगने से घंटों जाम लगा रहता है। कस्बा वासियों ने जयपुर मंदिर पहाड़ी मार्ग से चार पहिया वाहनों को बंद करने की मांग को लेकर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। सभासद श्रीराम, विवेक अग्रवाल व राकेश ने बताया कि समस्या की ओर उच्चाधिकारियों का ध्यान नहीं है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान न होने से नगरवासी अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर उदास हैं। इस मौके पर अर्जुन, हरिओम ठाकुर, राजपाल, महेंद्र, प्रेम, कन्हैया, दिनेश, धर्मवीर परमार आदि शामिल रहे।

# बीकानेर में दिनदहाड़े एक करोड़ की लूट, अचानक आए नकाबपोश बदमाश और छीन ले गए रुपयों से भरा बैग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बीकानेर। राजस्थान के बीकानेर जिले में बड़ी लूट की घटना हुई है। दिनदहाड़े आए नकाबपोश बदमाशों एक करोड़ रुपये लूटकर फरार हो गए।

बीकानेर शहर के बीछवाल थाना क्षेत्र में सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है। इसमें अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि लूट ली। वारदात के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है और जिले भर में नाकाबंदी करवाई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंद्रा कॉलोनी स्थित भैरव जी मंदिर के पास व्यापारी रामवतार सारस्वत के कर्मचारियों से यह लूट हुई। व्यापारी का आईसीएमएल नामक ऑफिस तीर्थ स्तंभ क्षेत्र में स्थित है, जहां से



उनके दो कर्मचारी मुकेश और संपत रुपयों से भरा बैग लेकर निकल रहे थे। जैसे ही वे इंद्रा कॉलोनी के पास पहुंचे, तभी नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई-** घटना की सूचना मिलते ही बीछवाल थानाधिकारी गोविंद सिंह चारण मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं, ताकि लुटेरों का कोई सुराग मिल सके।

**शहर भर में नाकाबंदी, बदमाशों की तलाश जारी-** लूट की इस बड़ी वारदात के बाद पुलिस ने जिले भर में नाकाबंदी कर दी है। शहर के प्रमुख मार्गों पर चेकिंग बढ़ा दी गई है और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

व्यापारियों में दहशत-दिनदहाड़े हुई इस लूट से व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल है। लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने जनता को भरोसा दिलाया है कि अपराधियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा और लूटी गई रकम बरामद करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। फिलहाल, पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है और शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# सांसेडी मोड शाहजहांपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर दोपहर 2.00 बजे रखी गई बैठक में



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

पीसीसी सचिव एवं मुंडावर विधानसभा प्रभारी श्री पंकज अलवर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं मुंडावर विधायक ललित यादव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश मिश्रा ,वरिष्ठ कांग्रेसजन, पीसीसी के पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य,डीसीसी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रधान एवं पूर्व प्रधान, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य,कांग्रेस,मुण्डावर ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश कौशिक,निमराना ब्लॉक अध्यक्ष संजय चौहान, सरपंच , कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक में विधानसभा क्षेत्र की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुंडावर एवं नीमराना को संबोधित करते हुए विधायक ललित यादव ने प्रत्येक कार्यकर्ता से आह्वान किया कि हम सभी संघठन के सदस्यों को अभी से बूथ स्तर तक काम करने की जरुरत है जिससे धरातल की हकीकत से रूबरू हो सके और प्राप्त खामियों में सुधार कर सके ` यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखलेश कौशिक ने दी

# हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के AC कोच से लेडीज पर्स चुराने के आरोप में मां-बेटा गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

सिरोही। हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के एसी कोच से लेडीज पर्स चुराने के आरोप में पुलिस ने मां और बेटे को गिरफ्तार किया है।

सिरोही में आबूरोड रेलवे पुलिस द्वारा साढ़े चार माह पूर्व हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से लेडीज पर्स चुराने के आरोप में मां-बेटे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से चुराए गए सामान की बरामदगी करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपी को गुरुवार को रेलवे कोर्ट जोधपुर में पेश किया जाएगा।

आबूरोड रेलवे पुलिस थानाधिकारी मनोज कुमार चौहान ने बताया कि रेलवे में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अनट्रेस मामलों को सफल बनाने के लिए वांछित अपराधियों की धरपकड़ के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मकान नंबर 151, ए मदरसा रोड, न्यू संजय नगर, भटटा बस्ती, भास्त्री नगर, जयपुर, पुलिस थाना भट्टा बस्ती, जयपुर, जिला जयपूर, राजस्थान निवासी जुबैदाबानो उर्फ मदीना पत्नी मोहम्मद इमरान उर्फ इम्तियाज उर्फ कान्हा उर्फ बाबू मोयला एवं धनेरी, बुबालिया, पुलिस थाना जैतारण, जिला पाली, तिवरी, पुलिस थाना मथानिया, चोटिला, पुलिस थाना रोहट निवासी मोहम्मद रसूल उर्फ मोहम्मद अली पुत्र सत्तार खां मोयला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गुरुवार को रेलवे कोर्ट जोधपुर में पेश किया जाएगा।



साथ ही इन आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। कार्रवाई में रेलवे पुलिस थाना मारवाड़ जंक्शन के थानाधिकारी देवाराम, रेलवे पुलिस फालना चौकी प्रभारी बालूराम, साइबर सेल कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेलवे पुलिस जोधपुर के हेड कांस्टेबल दिपेन्द्र पाल सिंह, रेलवे पुलिस लाइन जोधपुर के कांस्टेबल साजनराम, रेलवे पुलिस थाना जोधपुर के कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, रेलवे पुलिस चौकी पाली के कांस्टेबल भवनी सिंह, रेलवे पुलिस थाना आबूरोड के कांस्टेबल आसूराम, रेलवे पुलिस चौकी पाली की कांस्टेबल कमल कंवर और रेलवे पुलिस मारवाड़ जंक्शन की महिला कांस्टेबल अमरू सम्मिलित रही।

18 नवंबर 2024 का है मामला

पुलिस के अनुसार, इस मामले में नोखा जिला बीकानेर निवासी परिवादी करणीदान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 17 नवंबर 2024 को वह एवं उसकी पत्नी एवं उसके लड़के की बहू नोखा रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर-22738 हिसार-सिकंदराबाद एक्सप्रेस के कोच बी-6 में सूरत के लिए यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान दिनांक 18 नवंबर 2024 को वे सभी मारवाड़ जंक्शन स्टेशन जाने के बाद सो गए थे। सवेरे 4.30 बजे आबूरोड रेलवे स्टेशन आने पर उसकी पत्नी ने उसे नींद में से उठाकर बताया कि उसका लेडीज पर्स नहीं है। जो उन्होंने कोच में तलाश भी किया, लेकिन नहीं मिला। उसकी पत्नी का चोरी हुआ लेडीज पर्स ब्लैक कलर का था, जिसमें सोने के जेवरात (चेन, कंगन, अगूंठी और नकद 15,000 हजार रुपये व इस्तेमाली मेकअप का सामान तथ एक मोबाइल था। अज्ञात बदमाश रेलवे स्टेशन मारवाड़ जंक्शन एवं आबूरोड के बीच में चोरी करके ले गया है। इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

## बाइक-स्कूटी के बीच टक्कर, शिक्षिका की मौत


**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथलः खैरथल में किशनगढ़ बास-खैरथल सड़क मार्ग पर एक बाइक और स्कूटी में टक्कर हो गई। इस हादसे में महिला टीचर की मौत हो गई। महिला टीचर की पहचान खैरथल निवासी सरिता यादव के रूप में हुई। वह रामवतार यादव की पत्नी थीं।मृतका नांगल मोजिया गांव के सरकारी स्कूल मे शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी

# श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुति महायज्ञ 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल : श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुती महायज्ञ के पांच दिवसीय महोत्सव श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक महंत केशवगिरी महाराज एव माधव गिरी महाराज के सानिध्य में एवं श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा के नेतृत्व में बड़े हर्षौल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। श्री सिद्ध हनुमान



पहाड़ी मंदिर पुजारी चंदन लोढ़ा ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य श्री पंच कुण्डीय मारूती महायज्ञ के पांच दिवस कार्यक्रम के तहत का 8 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10:15 बजे घट पूजन- वेदी स्थापना यज्ञारम्भ, 9 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10:15 बजे यज्ञ-पूजन,10 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक यज्ञ-पूजन एवं हवन,शुक्रवार 11 अप्रैल को साय 5:15 बजे हवन संगीतमय एवं सुंदरकांड पाठ, 12अप्रैल शनिवार को यज्ञ-पूजन-पूणार्हूति प्रातः 9 बजे से 11 बजे से साय 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# सहायक विद्युत निरीक्षक और कनिष्ठ रसायनज्ञ के पदों पर निकली भर्ती, परीक्षा की तारीख जान लें

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अजमेर। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि दोनों पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। सहायक विद्युत निरीक्षक के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल 2025 से 14 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकते हैं।

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने ऊर्जा विभाग और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है। आयोग ने ऊर्जा विभाग में सहायक विद्युत निरीक्षक के नौ पद तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कनिष्ठ रसायनज्ञ के 13 पद स्वीकृत किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि दोनों पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। सहायक विद्युत निरीक्षक के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल 2025 से 14 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकते हैं, जबकि कनिष्ठ रसायनज्ञ पद के लिए आवेदन नौ अप्रैल 2025 से आठ मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

**पदों का वर्गीकरण एवं योग्यता-** इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण के अनुसार वर्गीकरण एवं अन्य जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले विस्तृत अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें। परीक्षा तिथि, परीक्षा केंद्र और अन्य आवश्यक निदेशों की जानकारी आयोग द्वारा बाद में जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें।

आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे।

अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों को सही ढंग से अपलोड करें।

परीक्षा तिथि एवं स्थान से संबंधित जानकारी यथा समय आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

# ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेन संचालित, इन रूटों पर मिलेगी सुविधा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

सिरोही। रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए पांच जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है।

रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए पांच जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार...

गाड़ी संख्या 04827, भगत की कोठी (जोधपुर) बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 05.04.25 से 28.06.25 तक (13 ट्रिप) भगत की कोठी से प्रत्येक शनिवार को 14.30 बजे रवाना होकर रविवार को 07.25 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04828, बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 06.04.25 से 29.06.25 तक (13 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को 10.30 बजे रवाना होकर सोमवार को 04.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में लूनी, पाली मारवाड, मारवाड जं., रानी, फालना, जवाईबांध, पिंडवाडा, आबूरोड, पालनपुर, महेसाना, साबरमती, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 01 सेकेंड एसी, 06 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकोनोमी, 07 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 02 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 22 डिब्बें होगें।

**04713/04714, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस- बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेल सेवा**

गाड़ी संख्या 04713, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 03.04.25 से 26.06.25 तक (13 ट्रिप) बीकानेर से प्रत्येक गुरूवार को 17.20 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 13.40 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04714, बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 04.04.25 से 27.06.25 तक (13 ट्रिप) बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को 16.00 बजे रवाना होकर शनिवार को 13.50 बजे बीकानेर पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में नोखा, नागौर, मेडता रोड, जोधपुर, लूनी, समदडी, मोकलसर, जालोर, मोदरान, मारवाड भीनवाल, रानीवाडा, भीलडी, महेसाना, साबरमती, नडियाद, आणंद, वडोदरा, सूरत, वापी व बोरीवली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेल सेवा में 02 सैकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 08 द्वितीय



शयनयान, 04 द्वितीय साधारण व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 21 डिब्बे होंगे।

**09603/09604, उदयपुर सिटी-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल**

गाड़ी संख्या 09603, उदयपुर सिटी-श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 09.04.25 से 25.06.25 तक (12 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रत्येक बुधवार को 01.50 बजे रवाना होकर गुरूवार को 06.35 बजे श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09604, श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा - उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 10.04.25 से 26.06.25 तक (12 ट्रिप) श्रीमातावैष्णोदेवी कटरा से प्रत्येक गुरूवार को 10.50 बजे रवाना होकर शुक्रवार को 13.55 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। यह रेल सेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाडा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रेनवाल, रींगस, सीकर, नवलगढ, झुंझुनूं, चिडावा, सुरजगढ़, लोहारू, सादुलपुर, सिवानी, हिसार, धुरी, लुधियाना, जालन्धर कैंट व जम्मूतवी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेल सेवा में 02 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 03 थर्ड एसी इकोनोमी, 05 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी व 02 पॉवरकार सहित कुल 22 डब्बे होंगे।

**09623/09624, उदयपुर सिटी-फारबिसगंज- उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल**

गाड़ी संख्या 09623, उदयपुर सिटी-फारबिसगंज साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा दिनांक 08.04.25 से 29.04.25 तक (04 ट्रिप) उदयपुर सिटी से प्रत्येक मंगलवार को 16.05 बजे रवाना होकर गुरुवार को 05.30 बजे फारबिसगंज पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09624, फारबिसगंज-उदयपुर सिटी साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 10.04.25 से 01.05.25 तक (04 ट्रिप) फारबिसगंज से प्रत्येक गुरूवार को 09.00 बजे रवाना होकर शनिवार को 00.40 बजे उदयपुर सिटी पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रताप नगर, मावली, चंदेरिया, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, इटावा, कानपुर सेट्रल, प्रयागराज, प. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, काचीगुडा, नवगछिया, कटिहार, पूर्णियाँ, अररिया कोर्ट व अररिया स्टेशनो पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 03 थर्ड एसी, 01 थर्ड एसी इकोनोमी, 05 द्वितीय शयनयान, 04 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 01 गार्ड डिब्बो सहित कुल 16 डिब्बे होगे।

मदार (अजमेर)-रांची-मदार (अजमेर) साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा

गाड़ी संख्या 09619, मदार (अजमेर)-रांची साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा दिनांक 06.04.25 से 29.06.25 तक (13 ट्रिप) मदार से प्रत्येक रविवार को 13.50 बजे रवाना होकर सोमवार को 21.25 बजे रांची पहुॅचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09620, रांची-मदार (अजमेर) साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा दिनांक 07.04.25 से 30.06.25 तक (13 ट्रिप) रांची से प्रत्येक सोमवार को 23.55 बजे रवाना होकर बुधवार को 09.00 बजे मदार पहुॅचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, जयपुर, दुगार्पुरा, सवाईमाधोपुर, सोगरिया, बारां, अटरू, छबडा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, मुंगोली, बीना मालखेडी, सागर, दमोह, कटनी मुरवाडा, ब्योहारी, बरगवां, सिंगरौली, चोपन, रेणुकूट, गढवा रोड, डालटनगंज, टोरी व लोहरदगा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 01 सैकण्ड एसी, 06 थर्ड एसी, 07 द्वितीय शयनयान, 02 द्वितीय साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 18 डिब्बें होंगे।

# मन्ना माजरा फायरिंग प्रकरण: 17 नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा

## चार लोगों को किया गिरफ्तार कैराना के दो गुटों के बीच हुआ था खूनी संघर्ष

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** एक दिन पूर्व क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में वर्चस्व की जंग को लेकर कैराना के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में पुलिस ने 17 नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कातिलाना हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। वहीं, पुलिस ने घटना में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की कार्यवाही से दोनों गुटों में हड़कंप मचा हुआ है।

विगत मंगलवार को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। कैराना से एक गुट के करीब दर्जनभर हथियारबंद युवकों ने गांव में पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग करके दहशत फैला दी थी। फायरिंग के दौरान गोली लगने से गांव मन्नामाजरा निवासी राकिब व गांव जहानपुरा निवासी रिजवान के पैर में गोली लगी थी, जबकि कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज सिर में ईंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर गांव में पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके से दर्जनों खोखा कारतूस व दिल्ली नंबर प्लेट लगी एक स्पोर्ट्स बाइक मौके से बरामद की थी। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। गांव में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। वहीं, पुलिस ने प्रकरण में उजैफा, सुफियान, बुड्ढा उर्फ मुस्तकीम व याहिया निवासीगण मोहल्ला भूरा चुंगी कस्बा कैराना तथा राकिब, जावेद, शहजाद, मनव्वर व सलीम निवासीगण ग्राम मन्नामाजरा तथा जावेद भाटी, परवेज भाटी व जावेद मूंछ निवासीगण मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना व सादिक, रिजवान चीमा, जावेद व महफूज उर्फ फौजी निवासीगण ग्राम जहानपुरा तथा आमिर निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान व कुछ अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-109(1), 191 (2),191 (3), 190,7 क्रिमिनल अमेंडमेंट एक्ट तथा आयुध अधिनियम 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में शामिल जावेद भाटी व याहिया दोनों गुटों के मुखिया बताए गए है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि मामले में 18-20 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जायेगा। किसी को भी कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नही करने दिया जाएगा।

## रिश्तेदारी में जा रही बाइक सवार महिला की हादसे के दौरान मौत

कांधला। नगर निवासी एक वृद्ध महिला की कैराना क्षेत्र के झिंझाना मार्ग पर सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई मर्तक महिला का पुत्र गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार जारी है परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी असगर की 50 वर्षीय पत्नी बलकिशा अपने पुत्र साकिर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर कस्बा झिंझाना में अपनी रिश्तेदारी में जा रही थी। मोटरसाइकिल सवार जैसे ही गांव भूरा के समीप पहुंचा तो अचानक से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से मां,बेटा सड़क पर गिर पड़े, राहगीरों ने घायल मां बेटे को उपचार के लिए शामली के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया अस्पताल ले जाते समय महिला की बीच रास्ते में ही मौत हो गई।

# भूमि के हिस्से को लेकर दो पक्ष भिडे, 12 किया पाबंद

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** ऊन तिराहे पर स्थित भूमि के टुकडे को लेकर दो पक्षो में तनातनी बनी हुई है। जिसको लेकर मंगलवार की देरशाम को दोनों पक्षों के डेढ दर्जन महिला-पुरूष आमने सामने आ गये और कहासुनीं करने लगे।जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची और दोनो पक्षो को समझाकर शांत किया। वही भूमि स्वामी की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस को शान्ति व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव बल्लामाजरा के खसरा नम्बर 298 के ऊन तिराहे स्थित भूमि के एक टुकडे को लेकर लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है। जिजौंला निवासी गय्यूर का आरोप है कि



भूमि पैतृक सम्पत्ति है और वारिसान दर्ज है। वही चौसाना निवासी एहसान का दावा है कि उसने भूमि को बल्लामजरा निवासी सरफराज से खरीदी है। मंगलवार की देर शाम को गय्यूर पक्ष भूमि पर बने कमरे पर दरवाजा लगा रहे थे,आरोप है कि उसी दौरान एहसान अपने एक दर्जन साथियो के संग मौके पर पहुँचा और गेट पर लात मारकर तोडने का प्रयास किया। जिसके बाद विवाद बढ गया और विवाद की नियत से मौके पर भीड जमा हो गई। सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस ने दोनो पक्षो को समझा बुझाकर शांत किया। हालाकि मौके पर सुबह से शाम तक शरारती तत्वो के जमा होने की शिकायतें पुलिस को मिल रही है। वही चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिह का कहना है कि इस मामले मे अब तक 12 महिला-पुरूषों को पाबंद किया जा चुका है। उपजिलाधिकारी मैडम के निर्देशन मे राजस्व टीम भूमि की जॉच की जा रही हैं। पुलिस मौके पर जमा दोनो पक्षो को हटवा रही है। आते जाते निगरानी भी की जा रही है।

**इन्होंने कहा...**
ऊन तिराहे पर भूमि का विवाद संज्ञान मे है। जिसकी जॉच की जा रही है। पुलिस को शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर निर्देशित किया गया है कि दोनो पक्षों को मौके से हटाया जाये। जॉचोपरांत ही कब्जा कराया जायेगा।
निधि भारद्वाज,उपजिलाधिकारी ऊन

## 3 अप्रैल को मनाया जाएगा झुंझुनू वाली का महोत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** श्री दादीजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि 3 अप्रैल को मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम के रामलीला मैदान में रानी सती झुंझुनू वाली का 23वां विराट वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर कोलकाता के कलाकारों द्वारा दादी का भव्य श्रृंगार किया जाएगा वहीं मंदिर को भी सुंदर एवं आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा मुंबई, पं. निशांत पाठक शामली भजन प्रस्तुत करेंगे वहीं मंच संचालन राजेश गोयल सिरसा करेंगे। दादी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर राजन बत्रा, गौरव गर्ग, अमन गोयल, राहुल शर्मा, दीपक कौशिक, मयंक संगल, अभिषेक मित्तल, देवांशु संगल, कमल चौहान, डिम्पल मौजूद रहे।

# बाबू रफीक आज भी लोगों के दिलों में है, 2 अप्रैल 1977 को मिला था पद्मश्री अवॉर्ड

**आदिल राणा**
**कांधला।** कांधला कस्बे की जानी मानी शख्शियत स्वर्गीय बाबू रफीक को 2 अप्रैल 1977 को पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।बाबू रफीक ने कृषि ओर समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसी मिशाल पेश की की इन्हीं क्षेत्र में उनको पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।जनवरी 1905 में शामली के कस्बा कांधला में एक जमींदार परिवार में जन्में बाबू रफीक ने लाहौर यूनिवर्सिटी से स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी । पिता मोहम्मद सिद्दीक के इंतिकाल के बाद जिम्मेदारियों को लेकर कांधला आकर रहने लगे । कृषि क्षेत्र में लगन होने के कारण वो लाहौर से बरसीम और बासमती के बीज अपने साथ कांधला



लेकर आए और इस क्षेत्र में इनकी खेती को बढ़ावा दिया। कृषि के क्षेत्र में उन्होंने कई शोध किए। एक बार उन्होंने आम के मौसम में ढाई किलो का आम तैयार किया जो उस समय क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। बाबू रफीक की प्रसिद्धि का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उस समय की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनके आवास पर आई थी। उन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता पर भी बल दिया जिसको आज तक उनके पौत्र जुनैद मुखिया उस परम्परा को निभा रहे हैं। इसके चलते 2 अप्रैल 1977 को उनको पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 12 मार्च 1984 को उनका इंतिकाल हुआ जिसके तीन दिन बाद उनको भारत सरकार की ओर से हिमाचल का राज्यपाल बनाए जाने का पत्र मिला था। इस समय कांधला में उनके पौत्र जुनैद मुखिया उनके दिए संस्कारों को आगे बढ़ा रहे हैं। बाबू रफीक आज भी कांधलवासियों के दिलों में है।

# बेसिक शिक्षा विभाग ने नामांकन मेले में छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में स्थित प्राथमिक विद्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वार्षिकोत्सव एवं नामांकन मेले में टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।खंड विकास क्षेत्र के गांव गढी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं नवीन शैक्षिक सत्र के लिए नामांकन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं ग्राम प्रधान पति राशिद जंग एवं खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को बैज लगाकर स्वागत करते हुए प्राथमिक



विद्यालय के बच्चों ने टन टन घंटी बजी ...थैंक यू टीचर.... और कभी अलविदा ना कहना..... जैसी आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने वेलकम सोंग और जागरूकता के लिए नाटक प्रस्तुति द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को सड़क के नियमों का पालन करने के लिए अपील की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को उपहार दिए गए तथा विभिन्न कक्षाओं में कक्षा 1 से 8 तक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं राधिका जांगिड़, मन्नत चौहान, आरती चौहान, आदि, आरुषि, श्रेया, परी, अलीना, जोया और अक्षिता को ट्रॉफी देकर पुरस्कार किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़ ने ग्राम वासियों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाली सभी सुविधाओं को बताते हुए ग्राम वासियों से अधिकतम नामांकन कराने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि इलियास चौधरी, खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सविता, जिला समन्वयक अमित कुमार, राहुल कुमार ,एस आर जी प्रवीण शर्मा ,सुनील तोमर, सचिन कुमार समाजसेवी उवैस अंसारी तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# इंदिरा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली बिडौली।** बावरिया कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी मैमोरियल इण्टर कॉलेज में गृह परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के परीक्षाफल में बालिकाओं ने बाजी मारी। विद्यालय के स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड से सिमरन कक्षा 11 चुनी गई।

कॉलेज के प्रधानाचार्य जय करण अंसल ने बताया कि कक्षा 8 की दिव्या ने पिछले वर्ष और इस वर्ष भी 97.79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। गृह परीक्षाओं में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले 78 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के नन्हें मुन्ने नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। बेस्ट अनुशासन का अवार्ड कक्षा 3 आरव शर्मा, कक्षा 8 की कहकशा तथा कक्षा 9 की जीवन को दिया गया। इन अवॉर्ड के अलावा एकेडमी एक्सीलेंट अवार्ड यूकेजी की छात्रा अमकिता ने 1650 अंकों में से 1639 अंक




(99.33%) प्राप्त करने पर दिया गया, वहीं कक्षा 1 से कक्षा 5 तक में कक्षा 1 की ईशू, कक्षा 8 की दिव्या, कक्षा 9 की छात्रा अनीशा रानी को दिया गया। एकेडमी एक्सीलेंट अवार्ड कक्षा 9 की अनीशा रानी को दिया गया, वही कॉलेज की टॉपर दिव्या को बेस्ट एक्सीलेंट अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गायत्री शर्मा एवं अहमदगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार त्यागी, कॉलेज के प्रधानाचार्य जय करण अंसल, प्रबंधिका राजेश्वती, उप प्रधानाचार्य विजय कुमार अंसल, सहायक अध्यापक सुनील पंवार द्वारा सामूहिक रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालक विजय कुमार अंसल और विनोद द्वारा किया।

## रुपयों की लेनदेन में बाइक छीन कर ले जाने का आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने एक व्यक्ति पर रुपए की लेनदेन को लेकर उसकी बाइक को छीन कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी तौफीक पुत्र मुस्ताक ने बताया कि उसने चार वर्ष पूर्व जनपद मुजफ्फरनगर के गांव परासौली निवासी शौकीन के साथ मिलकर ईंट भट्ठे पर ठेकेदारी का कार्य किया था। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी के ऊपर पीड़ित के लगभग 22 हजार रुपए बकाया है। मगर आरोपी व्यक्ति पीड़ित पर अपने ही रुपए निकाल रहा है। बुधवार को पीड़ित अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना से कस्बे में अपने घर आ रहा था जैसे ही वह क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग स्थित भभीसा ईट भट्ठे के समीप पहुंचा तो आरोपी अपने कई लोगों के साथ पहुंचा और बाइक को ओवरटेक करते हुए रुकवा लिया।

## देहरादून में कैराना सांसद के बयान का विरोध, पोस्टर फूंका



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में हिन्दू रक्षा दल के कार्यकताओं ने कैराना से समाजवादी पार्टी की वर्तमान सांसद चौधरी इकरा हसन के नमाज सम्बन्धी बयान पर विरोध-प्रदर्शन किया है। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद का पोस्टर दहन किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो लिंक जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें उत्तराखंड के देहरादून में हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता कैराना की वर्तमान सांसद चौधरी इकरा हसन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए नजर आ रहे है। वीडियो में दिखाई दे रहे कार्यकर्ता कैराना सांसद द्वारा हाल ही ईद की नमाज को लेकर दिए गए बयान पर आपत्ति जता रहे है। वीडियो में दिख रहे एक कार्यकर्ता ने सपा सांसद के घर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की भी बात कही है। विरोध-प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता सपा सांसद के पोस्टर को आग के हवाले कर देते है। इससे पूर्व,सपा सांसद के खिलाफ संगठन के कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते हुए नजर आते है। वहीं, वीडियो में सपा सांसद के विधायक भाई नाहिद हसन के बारे में भी टिप्पणी की गई है। उधर, विरोध-प्रदर्शन किए जाने तथा पोस्टर फूंके जाने के सम्बंध में कैराना सांसद के निजी मोबाइल नंबर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल कनेक्ट नही हो पाई।

## संक्षेप समाचार :

### पांच अप्रैल को मोहम्मदपुर राई में गरजेंगे राकेश टिकैत



कैराना। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक संगठन के कैराना नगराध्यक्ष एवं कस्बे के मोहल्ला आलकलां निवासी इनाम चौधरी उर्फ कालू के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें आगामी पांच अप्रैल को खादर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राई में आयोजित होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए गहन मंत्रणा हुई। बैठक में मौजूद संगठन के युवा मंडलाध्यक्ष राजेश प्रधान ने बताया कि भाकियू कार्यकर्ता क्षेत्र के लोगो से महापंचायत में पहुंचने के लिए संपर्क कर रहे है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत महापंचायत को संबोधित करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के बाशिंदों से महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान अब्बास प्रमुख, गय्यूर अली, पुष्कर सैनी, इमरान चेयरमैन, सुभाष प्रधान, मेहरदीन, इनाम अली, दानिश अली, मोहम्मद अहमद, मिंटू सैनी, शाहरुख, मुख्तियार, इरफान, मोहसीन, नवाब आदि मौजूद रहे।

### वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर अलर्ट रहा पुलिस-प्रशासन



कैराना। बुधवार को संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे लेकर प्रदेशभर में अलर्ट जारी किया गया था। विधेयक को लेकर कैराना पुलिस-प्रशासन द्वारा भी अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस व पीएसी बल के साथ में कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग, बाजार बेगमपुरा, चौक बाजार, जोडवां कुआं, जामा मस्जिद, इमामगेट, दरबार खुर्द, तीतरवाड़ा चुंगी व कांधला तिराहे आदि जगहों से पैदल मार्च किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने लोगो से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिए जाने की भी अपील की। उन्होंने असामाजिक तत्वों को सख्ती के साथ में निपटने की चेतावनी दी है। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, कस्बे की किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आनंद यादव, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार समेत पुलिस व पीएसी बल शामिल रहा।
**कैराना पर खुफिया तंत्र की भी रही पैनी निगाह :**वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर खुफिया तंत्र भी काफी सक्रिय रहा। जिला मुख्यालय पर बैठे विभाग के उच्चाधिकारी अपने मातहतों से कैराना की पल-पल की गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कड़ी निगरानी रखी गई। पुलिस ने एक दिन पूर्व एसडीपीआई के जिम्मेदारों से संवाद करके किसी भी प्रकार से विरोध प्रदर्शन न किये जाने की चेतावनी दी थी। उधर, सीओ श्यामसिंह भी मामले के संवेदनशीलता के मद्देनजर दिनभर कैराना कोतवाली में डेरा डाले रहे।

### श्रीराम के आदर्शों पर चलने से मिलती है अभिभूति

जलालाबाद। कस्बे के पंजाबी सत्संग भवन मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने भगवान के मर्यादित आचरण के बारे में प्रकाश डाला। शंकर व पार्वती विवाह की कथा को सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। कस्बे के पंजाबी सत्संग भवन मंदिर कटहरा बाजार में श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास स्वामी राम बिहारी दास जी महाराज ने बताया कि जो मनुष्य भगवान श्री राम की कथा का श्रवण करता है। वह मोक्ष का भागी होता है। भगवान श्रीराम का चरित्र उत्तम है। वे पिता के भक्त होने के साथ मयार्दा का पालन करने वाले हैं। इसलिए उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता है। पिता की प्रतिज्ञा झूठी न हो। इस कारण राजपाट त्यागकर 14 वर्ष वन में रहे। हमें भगवान श्री राम के आदर्श पर चलना चाहिए इससे जीवन में शांति व भक्ति की प्राप्ति होती है। शंकर-पार्वती विवाह कथा को सुनाया गया। जिसके बाद आरती कर भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कथा को सफल बनाने में भाजपा नेता डा. मुकेश शास्त्री, अवनीश आहूजा, डा. शिवकुमार शर्मा, मुरारी नारंग, संदीप नारंग, सुरेंद्र वर्मा, बोधराज नारंग, महेश नायक, बाबूराम नायक, राधेश्याम शर्मा, समाजसेवी संजय कोचर, लक्ष्य वत्स, किशन चावला, मनोज चावला, चंदन कोचर, रोबिन मित्तल, श्याम सुंदर नारंग, संजीव नारंग, मिंटू नारंग, हर्षित शर्मा, वंश मित्तल,आदि लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवार सगे भाईयों को कुचलने वाला रोडवेज चालक गिरफ्तार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।**आदर्श मंडी पुलिस ने सहारनपुर पर लापरवाही से गाडी चलाकर बाइक सवारों को टक्कर मारने के आरोपित रोडवेज चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 23 मार्च को थानाभवन क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी सगे भाई क्रिश सैनी व नितिश सैनी मेरठ में एनडीए की परीक्षा में भाग लेने के लिए जा रहे थे। जब वह शहर के सहारनपुर रोड स्थित गंगा अमृत हास्पिटल के निकट पहुंचे तभी अज्ञात वाहन द्वारा उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे दोनों भाईयों की मौके पर ही दुखद मौत हो गयी थी। घटना के बाद आरोपित चालक मौके से फरार हो गया था। घटना के संबंध में मृतकों के पिता आनंद किशोर ने आदर्श मंडी थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था, पुलिस तभी से आरोपित वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को आदर्श मंडी पुलिस ने बाइक सवारों को टक्कर मारने के मामले में वांछित आरोपित रोडवेज चालक शमीउल्ला पुत्र अमजद निवासी अम्बेहटा पीर थाना नकुड जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# शराबियों द्वारा स्टैंड के अंदर कूडे में आग लगाने से हडकंप

## मौके पर पहुंची पुलिस, फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू, आसपास रहने वाले लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** शहर के मुजफ्फरनगर बस स्टैंड के अंदर शराबियों व नशेडियों का जमावडा होने व आए दिन हंगामा व मारपीट होने से आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। मंगलवार की रात भी शराबियों द्वारा स्टैंड के अंदर पडे कूडे में आग लगा देने से हडकंप मच गया। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। घटना से लोगों में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस से शराबियों व नशेडियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

जानकारी के अनुसार शहर के धीमानपुरा में मुजफ्फरनगर बस स्टैंड स्थित है, पूर्व में यहां से मुजफ्फरनगर के लिए बसों का संचालन किया जाता था लेकिन पिछले कुछ सालों से यह स्टैंड बंद कर दिया गया है लेकिन अब यह स्टैंड शराबियों की शरणस्थली बन



गया है। रात के समय स्टैंड के अंदर बडी संख्या में शराबी व नशेडियों का जमावडा लग जाता है, जो खुलेआम यहां शराब व अन्य नशा करते हैं और आए दिन इनमें किसी न किसी बात को लेकर हंगामा व झगडा होता रहा है जिसका असर आसपास रहने वाले लोगों पर भी पड रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार की रात कुछ शराबियों ने नशे में स्टैड के अंदर पडे कूडे में आग लगा दी जो थोडे ही देर में भडक उठी। स्टैंड में आग लगती देखकर आसपास रहने वाले लोगों में हडकंप मच गया। शोर शराबा होने पर शराबी मौके से चंपत हो गए। लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। इस घटना से आसपास रहने वाले लोगों में भी आक्रोश दिख रहा है। उन्होंने स्टैंड के बाहर गेट लगवाए जाने की मांग की ताकि शराबी व नशेडी अंदर न घुस सके।

### विरोध करने पर करते हैं गाली गलौच व मारपीट

शामली। स्टैंड के आसपास रहने वाले लोगों व दुकानदारों का कहना है कि स्टैंड के अंदर रात होते ही शराबियों की महफिल सजने लगती है, स्टैंड के निकट ही शराब की एक कैंटीन हैं, जहां से कुछ लोग शराब खरीदकर स्टैंड के अंदर उसका सेवन करते हैं और बाद में नशे की हालत में बाहर सडकों पर आने जाने वाले लोगों से उलझना व महिलाओं से छेडछाड की जाती है, यदि कोई दुकानदार शराबियों का विरोध करता है तो उसके साथ गाली गलौच व मारपीट तक की जाती हैं। दुकानदारों ने स्टैंड के बाहर गेट लगवाए जाने व शराबियों व नशेडियों पर अंकुश लगाए जाने की पुलिस से मांग की है।

### विक्षिप्त नाबालिक बालिका के फरिश्ता बने नगर थाना पुलिस

# बेटी की खुबसूरती देख पहचान ने में देर



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), कौन कहता है कि पुलिस वालों का दिल नहीं होता ? इन्सानियत की ऐसी समायोजन कि विक्षप्त बालिका भी अपने घर जाने को तैयार नहीं! प्यार की कथा नगर थाना पुलिस में मिसाल के तौर पर जगजाहिर रहा जो कर्तव्यनिष्ठा का भी परिचायक रहा। दरअसल बीते 29 मार्च 2025 को समय करीब 8:40 बजे (रात्रि ) कलिकापुर शनि मंदिर के पास एक विक्षिप्त नाबालिक बालिका भटकते हुए सुनसान जगह पर पायी गई, जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा नगर थाना को सूचित किया गया। नगर थाना गश्ती दल पहुंचकर उन्हें सुरक्षार्थ थाना लाया गया। पूछताछ दौरान उन्होंने अपना नाम- प्रियंका कुमारी (उम्र- करीब 14 वर्ष, पिता- उचित तांती, ग्राम- किशनपुर, थाना- अमरपुर, जिला- बांका बिहार ) बतायी, जिन्हें महिला कांस्टेबल के निगरानी में सुरक्षार्थ थाना में रखा गया है। पुनः दूसरे दिन सीडब्ल्यूईसी उहउ को सूचित किया गया, असंतोषजनक जवाब प्राप्त होने पर नगर थाना, पाकुड़ ने अपना फर्ज निभाने के लिए अपनी जिम्मेदारी की बागडोर संभाला। उसके सेवा के लिए एक महिला कांस्टेबल तैनात किया गया। समय पर खाना के लिए मेस में कहा गया। दिये गये पता का अमरपुर के थानेदार से बातचीत कर पता खोजवाने का प्रयत्न किया गया। तीसरे दिन उनसे पूछा गया, तो ये (प्रियंका) बतायी कि मेरा घर ग्राम- किशनपुर, थाना- अकबरनगर, जिला- भागलपुर (बिहार ) है। अकबरनगर थाना के थानेदार से बातचीत कर उनका पता को ढूंढा गया। उनको नहलाकर नया कपड़ा पहनाया गया। उनके माता-पिता से विडिओ-कॉलिंग से बात करवाया गया, जिसमें उनके माता-पिता बोले कि अपनी बेटी को हमलोग पहचान नहीं पाये, साफ-सुथरा नया कपड़ा में देखकर। भारत देश पर हमें गर्व है, जो ऐसे सिपाही सुरक्षा के लिए तैनात हैं। वही 01 अप्रेल 2025 को शाम में उनके पिताजी आये और वह रोकर बोलने लगी कि हम यहीं रहेंगे दीदी के पास और वह घर जाने के लिए तैयार नहीं हो रही थी। फिर उन्हें काफी समझाया गया, तब अपने पापा के पास जाने के लिए तैयार हुईं। जाते समय सभी का पांव छुईं, जैसे अपने घर से अपनी बहन विदा हो रही हो! कुछ देर पहले वह अपने पिताजी के साथ घर पहुंची। उसके पिताजी कॉल किये और पाकुड़, नगर थाना पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रियंका भी बोली थैक्क यू।

# प्रत्येक माह कालीपीठ गोड्डा में रक्तदान का लगेगा शिविर: बंदना

## कालीपीठ में रक्तदान शिविर का आयोजन



झारखंड ,गोड्डा। सदर अस्पताल में अवस्थित रक्तअधिकोष भवन में खून की कमी को देखते हुए बुधवार को पाण्डुबथान स्थित कलीपीठ प्रांगण में स्वामी विवेकानंद अनाथ सुरक्षा आश्रम के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 21 मिनट ब्लड संग्रहित किया गया।शिविर का संचालन आश्रम की संचालिका बंदना दुबे ने करते हुए कहा की जिले में लगातार थैलीसीमिया बीमारी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है इस स्थिति में ब्लड बैंक में खून की कमी होना लाजमी है, जरूरतमंद को खून की कमी ना हो इसकी जिम्मेदारी हम सभी की है। कालीपीठ से जुड़े सदस्यों ने इस शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

ब्लडबैंक में रक्त की कमी ना हो इसके लिए कालीपीठ द्वारा प्रत्येक माह में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ब्लड बैंक इंचार्ज मिलन कुमार, जॉन हेमब्रम, सावन कुमार, कौस्तुब भारद्वाज, सुशांत मिश्रा, रूपक कुमार, करुणाकर भारती चौबे,रौशन दुबे, पंकज महतो, अभय कुमार गुप्ता, पिंटू शर्मा, शिवनारायण रामदास, कृष्णा कुमार, दिनेश कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर सभी प्रखण्डों में मनाया गया बागवानी दिवस



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिले के सभी प्रखण्डों में बुधवार के दिन बागवानी दिवस मनाये जाने का निर्देश उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा दिया गया है। जिसके निमित्त सभी प्रखण्डों में 'लोग जोड़े- गड्ढा कोड़े₹ महा अभियान के तहत बागवानी दिवस का आयोजन किया गया। ज्ञात हो, कि बिरसा हरित ग्राम योजना में बागवानी सखी का अहम रोल है। सभी बागवानी योजना को बागवानी सखी से टैग किया जाना है जिसका उद्देश्य बागवानी सखी के माध्यम से लाभुकों को सहयोग प्रदान कर बेहतर कार्य कराना है। इसके लिए सभी बागवानी सखी को योजना निरीक्षण पंजी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें योजना निरीक्षण करते समय पंचायत स्तरीय कर्मी के साथ साथ प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी अपना मंतव्य दर्ज करेंगे। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना में जिस प्रकार इमारती पौधा का आपूर्ति गुतू गलांग, लिट्टीपाड़ा से लिये जाते हैं, उसी प्रकार योजना में दवा, छाया, पानी, सूचनापट्ट सुनिश्चित कराने हेतु जेएसएलपीएस के सखी मंडल अथवा गुतू गलांग को कायादेश जारी कर किया जा सकता है। इससे सखी मंडल को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा उनके पास रानी दीदी के रूप में प्रशिक्षित मिस्त्री का बड़ा समूह है। बुधवार को जिला स्तरीय पदाधिकारी भी बागवानी दिवस पर योजनास्थल पहुंचकर योजना का निरीक्षण करेंगे।

# किसी भी इल्म के साथ बच्चों में आदर्श शिक्षा की भी है जरूरत



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), आज से केवल 15 वर्ष पहले की सामाजिक समरसता व भाईचारे, छोटे - बड़े में एक-दुसरे की अहमियत समेत अन्य लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यव्हार की मधुर ध्वनि शायद वर्तमान में कागज के पन्ने व स्मार्टफोन की जमाने में सोशल मीडिया प्लेटफार्म में ही कैद रह गया। नतीजतन आज से केवल 15 वर्ष पहले की जो लोगों की शादगीपूर्ण जिंदगी और मैत्रीपूर्ण व्यवहार व छोटे-बड़े में जो अहमियत थी, शायद वो गुम होता हुआ नजर आ रहा है। लोग व्यस्तता के जीवन में और सोशल मीडिया प्लेटफार्म की बेतहाशा उपयोग में व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स सैंडल पर ही चैट शेयर कर दिल की बातें तो किया कर लेते हैं। लेकिन शायद हकीकत में 15 वर्ष पहले लोगों के दिल की धड़कन में जो एहसास हुआ करता था, शायद आज वो एहसास भी हृदय के बजाय सिर्फ और सिर्फ होटों पर देखावे की नाटकीय ढंग कभी- कभी जगजाहिर भी हो रहा है।। अक्सर दोस्ती ऐस हुआ करता था जो एक- दूसरे के लिए एक आयाम स्थापित किया करता था, लेकिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जमाने में ऐसी हजारों दोस्ती देखने को मिल रही है कि सिर्फ कमेंट्स बॉक्स में ही बड़े-बड़े बातें किया करते हैं, लेकिन दिल की गहराई में जो एहसास हुआ करता था , शायद वो सिमट कर रह गया। हालांकि सोशल मीडिया के जमाने में भी चैट के माध्यम से सुदूर प्रांत में रह रहे लोगों से कभी - कभी प्यार की कहानियां भी वाइरल होता हुआ अखबारों के पन्नों तक जगजाहिर होता हुआ नजर आया करता है। बाहरेहाल जो भी हो आज के आधुनिक वैश्विक दौर में विकास की आयाम स्थापित करने में तो सभी प्रयासरत हैं। लेकिन संवारने की हर गतिविधियों/कार्यशैली पर यदि गौर करे तो बच्चों को किसी भी शिक्षा के साथ- साथ जरूरी है कि आदर्श शिक्षा देना। जिससे उनमें शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ आदर्श की महकती खुशबू का इल्म भी बच्चों में समायोजित होने के साथ उनकी शारीरिक, मानसिक यानी हर दृष्टिकोण से विकसित की उम्मीद की जा सके।

## एसडीपीआई के पाकुड़ इकाई ने की वक्फ संशोधन बिल का विरोध



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), एनडीए गठबंधन के मोदी सरकार के द्वारा बुधवार को वक्फ संशोधन बिल पेश किया गया, जिसके विरोध में विपक्षी पार्टियों ने किया। हंगमे की सुर्खियां मीडिया चैनलों में जगजाहिर रहा। वही सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हंजेला शेख के नेतृत्व में बुधवार को लोकसभा/ संसद में पेश की गई वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुख्य सड़क पर उतरे और पेश की गई बिल के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। एसडीपीआई के कार्यकताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही बिल वापसी की भी मांग करते हुए नारेबाजी के साथ जोरदार विरोध जताया। वही एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष हंजेला शेख ने मीडिया के माध्यम से कहा कि लोकसभा में आज पेश की गई वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ही एसडीपीआई के कार्यकर्ता विरोध जता रहे हैं, कहा यह वक्फ संशोधन बिल संविधान विरोधी है, मुस्लिम विरोधी है।

उन्होंने कहा कि संसद में पेश की गई वक्फ संशोधन बिल के माध्यम से केन्द्र सरकार वक्फ की सम्पत्तियों को मुस्लिमों से छीनकर बड़े-बड़े अरब पतियों को देने का प्रयास है। एसडीपीआई के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष हंजेला शेख ने कहा कि एसडीपीआई जंतर मंतर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ है, जरूरत पड़ने पर चरणबद्ध तरीके से विरोध किया जायेगा, कहा यदि वक्फ संशोधन बिल वापस नहीं लिया तो आवश्यकता पड़ने पर बड़े पैमाने पर इस बिल के विरोध में नियमानुसार रैली, आन्दोलन जो भी हो किया जायेगा।

## मुस्लिमों का हक छीनकर 'सौगात' का पैकेट पकड़ाया जा रहा है- मनोवर



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के हिरणपुर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मो. मनोवर आलम ने वक्फ बिल को लेकर मोदी सरकार पर बड़ा वार किया है। मनोवर आलम ने कहा कि मुस्लिमों का हक छीनकर 'सौगात' का पैकेट पकड़ाया जा रहा है, बड़ी बात ये रही कि उन्होंने कहा कि वक्फ बिल पर बात करते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मैं पूछना चाहता हूं कि सिर्फ मुसलमानों का वोट लेकर मुसलमानों का खिलाफ करना ही इनका पेशा है। उन्होंने कहा कि आज भी मुसलमानों सुधार जाये, वोट बैंक किसी का ना बने। मनोबर आलम ने कहा जो सरकार के साथ जुड़े हैं वो भी इसके खिलाफ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वक़्फ कानून के जरिए सरकार मुसलमानो की वक्फ सम्पत्तियों पर कब्जा करना चाहती है। कहा अगर वक़्फ सम्पत्तियों का दुरूपयोग रोकना है तो ताजमहल, लाल किला और कुतुब मीनार भी तो वक़्फ सम्पत्तियों में आता है, सरकार इनकी आमदनी का क्या कर रही है, सरकार को इनकी आमदनी से मुसलमानों के उद्धार के लिए काम करना चाहिए। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मनोबर आलम ने कहा कि इस आमदनी को मुसलमानों के विकास के लिए खर्च करे, तभी हम मोदी की सौगात को मानेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क पर नमाज पढ़े जाने की रोक वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान का विरोध करते हुए कहा कि जब सब धर्मों के कार्यक्रम सड़को पर होते हैं तो एक घण्टे अगर नमाज के लिए रूट डायवर्ट कर दिया जाए तो क्या परेशानी है, कांवड़ और जगन्नाथ यात्रा के लिए भी तो रूट डाइवर्ट किए जाते हैं, हमें उत्पात वाले शब्द पर आपत्ति है। कहा हम चाहते है कि हिन्दू मुस्लिम के बीच फासले खत्म होने चाहिए।

# कोटालपोखर हाई स्कूल भवन निर्माण में अनियमितताओं का आरोप



**एनपीटी ब्यूरो**

साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत कोटालपोखर में हाई स्कूल के नये भवन निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री को लेकर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भविष्य में भवन के जल्दी जर्जर होने का खतरा बन सकता है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य में दो नंबर का बालू इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें मिट्टी की अधिक मात्रा मिली हुई है। इसके अलावे सीमेंट और अन्य आवश्यक सामग्रियों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह निर्माण कार्य जारी रहा, तो कुछ ही समय में यह भवन कमजोर हो जायेगा और बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। भौंरा बांध गांव में कार्य को लेकर ठेकेदार मनोज कुमार द्वारा कराया जा रहा है, जिन पर इससे पहले भी सड़क और नाले के निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लग चुके हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल जांच करने की मांग की है, ताकि सरकारी खजाने के दुरुपयोग को रोका जा सके और छात्रों के लिए एक मजबूत एवं सुरक्षित भवन का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में गंभीर हादसे होने की आशंका जताई जा रही है।

## आयुष जांच शिविर में 83 लोगों का किया गया स्वास्थ्य जांच

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के अमड़ापाड़ा संथाली टोला, तालझारी एवं महेशपुर प्रखण्ड के लखीपुर में आयुष विभाग की ओर से बुधवार को आयुष कैंप लगाकर करीब 83 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० अमरेश कुमार, डॉ० मिथिलेश सिंह एवं डॉ० राजेश यादव ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वही शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

# मेंहदिपुर गांव में बन रहे गार्डवाल निर्माण में लाखो रुपए कि लिपापोती



**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज जिले के बरहरवा प्रखण्ड अन्तर्गत बड़ा सोनाकड़ पंचायत के मेहंदीपुर गांव में गार्डवाल निर्माण कार्य जारी है, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार इस निर्माण में गंभीर अनियमितताएं देखी जा रही हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि गार्डवाल निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गार्डवाल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गार्डवाल निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में कम गुणवत्ता वाले बालू तथा कोटेन बोल्डर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे यह साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्य में बड़े स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है और सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। यदि इसी तरह निर्माण कार्य किया गया तो यह गार्डवाल जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जायेगा, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण कार्य एक अनिकुल नामक ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, लेकिन उनके द्वारा काम की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माण स्थल पर किसी प्रकार की निगरानी नहीं की जा रही है, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ठेकेदार मनमाने तरीके से काम कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते जांच कर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो सरकारी राजस्व का भारी नुकसान होगा और जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ेगा। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निरीक्षण कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि इस तरह की लापरवाही को रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण गार्डवाल निर्माण हो सके। इसके अलावे, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ठेकेदार को मानकों के अनुसार निर्माण करने का निर्देश दिया जाए और यदि इसमें अनियमितता पाई जाती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य में लापरवाही जारी रही, तो वे आन्दोलन करने को मजबूर होंगे और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी करेंगे।

मेंहदीपुर गांव में हो रहे इस निर्माण कार्य की स्थिति से स्पष्ट है कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह गार्डवाल बनने के कुछ महीनों के भीतर ही टूट-फूट का शिकार हो जायेगा, जिससे सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की छवि भी खराब होगी। प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेकर तुरन्त उचित कदम उठाने की जरूरत है, ताकि सरकारी पैसे का सही उपयोग हो और जनता को टिकाऊ और मजबूत गार्डवाल मिल सके।

# शिक्षा एक्सपो 2025: नवाचार और शिक्षा का संगम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मेरठ। भारत में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक अभूतपूर्व पहल के तहत, एमआईईटी, एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम मेरठ, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा और एकेटीयू इनोवेशन हब मिलकर भारत शिक्षा एक्सपो 2025 (सीजन 2) के दौरान 24 से 26 अप्रैल 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में क्रिएथॉन का आयोजन करने जा रहे हैं। यह भव्य आयोजन भारत की बढ़ती नवाचार भावना का प्रतीक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारत 2047ह्न के दृष्टिकोण और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यउत्तम प्रदेशह्न बनाने के संकल्प के अनुरूप है। उस देश में जहां करियर विकल्प पारंपरिक रूप से एमबीबीएस, बी.टेक और सीए तक सीमित रहे हैं, क्रिएथॉन पारंपरिक सोच को बदलने का प्रयास करता है और छात्रों को उद्यमिता को एक सशक्त और व्यवहार्य करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

उत्तर प्रदेश सरकार, स्टार्टइनयूपी एमएसएमई, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, नीति आयोग, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी स्टार्टअप हब और एचपी, वोल्ट पोस्ट, एडब्ल्यूएस अकादमी, दिल्ली एंजल्स डेन, टाई दिल्ली एनसीआर और टाई फाउंडर्स क्लब जैसे अग्रणी संगठनों के समर्थन से यह आयोजन भारत में नवाचार और उद्यम के परिदृश्य को नया रूप देने के लिए तैयार है।

एक्सपो में आइडियाथॉन, कोडथॉन, हैकाथॉन और स्टार्टथॉन जैसे रोमांचक कार्यक्रमों के साथ-साथ डिजाइन थिंकिंग, रोबोटिक्स, 3डी प्रोटोटाइपिंग और प्रकृति से प्रेरित नवाचार पर कौशल-आधारित कार्यशालाएं होंगी, जो प्रतिभागियों को अपनी कल्पनाओं को मूर्त रूप देने का अवसर देंगी। उत्साह को बढ़ाते हुए, ड्रोन शो, रोबो रेस, रोबो वॉर्स और रोबो सॉकर जैसे रोमांचक प्रदर्शन भी होंगे, जहां तकनीक और मनोरंजन का शानदार संगम देखने को मिलेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में स्थान हासिल करने के लिए प्रतिभागियों को चार जिलों में आयोजित प्री-क्वालिफायर राउंड में अपनी प्रतिभा साबित करनी होगी, जिसमें मेरठ प्री-क्वालिफायर 4 अप्रैल 2025 को मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ में होगा। यानि एक्सपो के तहत आयोजित क्रिएथॉन 2025₹ में भाग लेने के लिए पूर्व-योग्यता इवेंट्स एमआईईटी में 4 अप्रैल को होगा।

इनक्यूबेशन फोरम के सीईओ रेहान अहमद क्रिएथॉन 2025 केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। विजेता न केवल सम्मान और नकद पुरस्कार प्राप्त करेंगे, बल्कि उद्योग जगत के नेताओं, निवेशकों और मेंटर्स के सामने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका भी पाएंगे, जो उनके विचारों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद कर सकते हैं।

स्कूल-कॉलेज के छात्रों, युवा उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों और उद्योग नवप्रवर्तकों के लिए खुला यह आयोजन अगली पीढ़ी के दूरदर्शियों के लिए आत्मनिर्भर भारत के भविष्य को आकार देने का एक अनूठा मंच है।

इस दौरान कॉन्फ्रेंस में हैकाथॉन के हेड डॉ मुकेश रावत, स्टार्टथॉन के हेड वंशिका यादव, आइडियाथॉन के हेड प्रशांत गुप्ता,कोडथॉन के हेड विकास श्रीवास्तव,नेचर वर्कशॉप की हेड विशी खत्री,3 डी प्रोटोटाइपिंग एंड रोबोटिक्स वर्कशॉप की हेड मोहिनी प्रीतम सिंह, डिजाइन थिंकिंग की हेड शिरीन, रोबोरेस रोबोसॉकर ड्रोन की हेड अभिलाषा जैन,आउटरीच हेड रमेश कुमार और मीडिया हेड अजय चौधरी मौजूद रहे।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीक्षांत समारोह

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद,सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल के सभागार में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसडीजीआई) विश्वविद्यालय की वास्तुकला विभाग की निदेशक प्रोफेसर श्रीमती अंजलि क्वात्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने बच्चों को दीक्षांत समारोह की पोशाक में देखकर और उन्हें प्रमाण पत्र एवं रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करते हुए देखकर अभिभावक बेहद प्रसन्न हुए।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर अंजलि क्वात्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्री मती सपना अहलावत ने भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह समारोह बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

समारोह में बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस यादगार अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# जैन समाज के तीर्थंकर के मोक्ष कल्याणक पर भंडारे के आयोजन, 1008 लोगों को करवाएंगे सम्मेद शिखर की यात्रा

## जैन समाज के राकेश जैन और अन्य गणमान्य लोगों ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद। जैन समाज के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ जी प्रभु के मोक्ष कल्याणक पर कविनगर में समाज की ओर से 200वें प्रभु प्रसादम दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के गणमान्य लोगों ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 7 दिसंबर से सम्मेद शिखर तीर्थ के लिए यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में समाज 1008 लोगों को निशुल्क लेकर जाएगा। गाजियाबाद ही नहीं बल्कि एनसीआर, पंजाब , हरियाणा समेत देश के अन्य हिस्सों से भी लोग इस निशुल्क यात्रा में शामिल होंगे ।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए जैन समाज के राकेश जैन ने बताया कि सम्मेद शिखर जैन समाज के सबसे बड़े तीर्थ में से एक है। 2016 से उनकी टीम लोगों को इस तीर्थ की यात्रा पर लेकर जा रही है। इस साल 7 दिसंबर से 11 दिसंबर तक इस यात्रा का आयोजन किया जायेगा। यात्रा में जाने वाले लोगों का आना जाना रहना खाना सब पूरी तरह निशुल्क होगा। राकेश जैन ने बताया कि आचार्य सौरभ सागर जी महाराज की प्रेरणा से समाज की ओर से मुरादनगर में जीवन आशा अस्पताल का भी संचालन किया जा रहा है। यहाँ सैकड़ों लोगों का इलाज निशुल्क किया जाता है। राकेश जैन वि अन्य गणमान्य लोगों ने भंडारे में प्रसाद वितरण भी किया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद का आनंद लिया। इस दौरान जैन समाज व जैन मंदिर के अध्यक्ष सुभाष जैन, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, अनुज मंगल और दीपक बंसल आदि लोग मौजूद रहे।

# अनुज चौधरी और किसान संघर्ष समिति के महरौली के सभी किसानों को किया गया होम अरेस्ट



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद वेव सिटी किसान नेता अनुज चौधरी और किसान संघर्ष समिति के महरौली के सभी किसानों को किया गया होम अरेस्ट ताकि किसान अपनी आवाज बुलंद ना कर सके और आज मुख्यमंत्री से किसान मुलाकात ना कर सके क्योंकि किसान संघर्ष समिति की कमेटी ने कल कहा था कि मुख्यमंत्री के पास जाएंगे उसी को लेते हुए सबको आज होम अरेस्ट किया गया है लेकिन किसानों ने कहा है चाहे कुछ भी हो जाए किसान एकता का प्रतीक है आज नहीं तो कल अपना अधिकार अपना हक इस बिल्डर से लेकर रहेंगे क्योंकि किसान पीड़ित है अब अपने घर नहीं बैठेंगे अगर आप हमें होम अरेस्ट कर रहे हो तो यह सरकार की तानाशाही है अगर शासन और प्रशासन ही बिल्डर का साथ देंगे तो अन्नदाता तो रोड पर आएगा ही फिर आप चाहे कुछ भी कर लो अपना अधिकार वेव सिटी के किस लेकर रहेंगे जय जवान जय किसान

# आयुक्त ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, म्यूटेशन एवं परिमार्जन काम जल्द करने का दिया निर्देश



बिहार औरंगाबाद । मगध प्रमंडल आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने रफीगंज एवं सदर अंचल औरंगाबाद का निरीक्षण किया एवं इस दौरान पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा अंचल कार्यालय के विभिन्न प्रकार की पंजी यथा रोकड़ पंजी, आवंटन पंजी, जन शिकायत पंजी एवं प्रमाण पत्र पंजी सहित विभिन्न अभिलेखों की गहन समीक्षा की। भूमि विवाद, दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश मामले म्यूटेशन एवं परिमार्जन से जुड़े हैं, जिसे शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया। साथ ही सभी पंजियों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया।

इसके उपरांत आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया जहां प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्गत किए जाएं ताकि आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, अंचल अधिकारी, अंचल स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मौसम में तेजी आते ही अस्पताल में बढ़ने लगी उल्टी, दस्त व बुखार के मरीज

जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं, बुधवार को भी जिला अस्पताल में 1626 मरीज आए। इनमें से बड़ी संख्या में मरीज उल्टी, दस्त, खांसी, जुकाम के साथ ही त्वचा संबंधी भी थे जिला अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाने के लिए पर्चा भले ही एक रुपये का बन रहा हो,लेकिन अस्पताल में दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसी के चलते अस्पताल में आ रहे मरीज प्राइवेट मेडिकलों से दवाएं खरीदने को मजबूर हैं। इस वजह से अस्पताल में आ रहे मरीजों की जेब ढीली हो रही है। मजबूरी में मरीजों को मेडिकल स्टोरों से दवाइयां लेनी पड़ रही हैं।

**अस्पताल के डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवाई**

मिली जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। दिखाने के लिए आते हैं। बुधवार को भी जिला अस्पताल में 1626 मरीज आए। इनमें से बड़ी संख्या में मरीज उल्टी, दस्त, खांसी, जुकाम के साथ ही त्वचा संबंधी भी थे। मरीजों ने लाइनों में लगने के बाद पर्चा तो एक रुपये में बनवा लिया और डॉक्टर साहब ने देख भी लिया, लेकिन डॉक्टर को दिखाने पर उन्हें दो दवाएं अस्पताल की तो एक दवा बाहर की भी लिख दी गई।

# मुरादाबाद की चीनी मिलों के सामने अब नहीं होगा गन्ने का संकट, विभाग ने बढ़ाया रकबा

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो



मुरादाबाद । आगामी सीजन में मुरादाबाद जिले की चीनी मिलों के सामने गन्ने का संकट बिल्कुल नहीं होगा, क्योंकि इस बार से सबक लेते हुए गन्ना विभाग ने भरपूर तैयारी की है और विभाग ने गन्ना बुवाई के रकबा को बढ़ा दिया है। इस साल 76 हजार 750 हेक्टेयर में गन्ने की बुवाई की गई है। इसलिए उम्मीद है, चीनी मिलों के सामने गन्ना संकट बिल्कुल नहीं रहेगा।

दरअसल गत वर्ष 72 हजार हेक्टयेर में मुरादाबाद के किसानों ने गन्ने की बुवाई थी। इसलिए गाने की पैदावार भी कम हुई थी, जिसका परिणाम यह निकला कि पेराई सत्र खत्म होने से पहले ही लक्ष्मी शुगर मिल बिलारी ने बंदी का नोटिस चस्पा कर दिया था कि 25 फरवरी 2025 से अब मिल को गन्ने के अभाव चलाना संभव नहीं है। वैसे तो मुरादाबाद जिले में चार चीनी मिले हैं जिनमें से चीनी मिल अगवानपुर, बेलवाड़ा, रानीनांगल एवं बिलारी शामिल हैं। मगर इस बार सभी चीनी मिलों के सामने गन्ने का संकट था।

**72 से बढ़कर 76 हजार हेक्टयेर हुआ गन्ने का रकबा**

जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने बताया कि आगामी सीजन को देखते हुए मुरादाबाद जिले में 76 हजार 750 हेक्टेयर में गन्ने की बुवाई की गई है इस बार भरपूर गन्ना उत्पादन होगा। गत वर्ष 72 हजार हेक्टयेर में मुरादाबाद के किसानों ने गन्ने की बुवाई थी

**गन्ना किसानों को अभी तक 78 फीसद ही भुगतान**

जिले में गन्ना मूल्य का करीब 78 फीसदी अभी तक भुगतान किया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के लिए लगातार चीनी मिलों से फॉलोअप किया जा रहा है। इसके बाद भी स्थिति यह है कि कुल देय 738.76 करोड़ के सापेक्ष जिले में 571 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। बिलारी चीनी मिल ने कुल 52 फीस फीसदी भुगतान किया है। वहीं बेलवाड़ा चीनी मिल का कुल भुगतान 74.79 प्रतिशत और अगवानपुर चीनी मिल का 73.68 फीसदी भुगतान किया जा चुका है। बिलारी और बेलवाड़ा चीनी मिल का पेराई सत्र भी खत्म हो चुका है।

**जल्द हो किसानों के बकाया गन्ने का भुगतान :किसान नेता ऋषिपाल सिंह**

किसान नेता ऋषिपाल ने सिंह ने बताया कि जब बकाया भुगतान में देरी होगी तो किसान गन्ने की बुवाई कम करेगा। अभी तक सत्र 2024-25 के गन्ने का पूरा भुगतान किसानों को नहीं मिला है। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द गन्ना किसानों के बकाये का भुगतान किया जाए।

# अध्ययन में सतत निरंतरता एवं अनुशासन बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम - डीएम

## मैट्रिक व इंटर के टॉपर्स को डीएम ने किया सम्मानित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो




बिहार औरंगाबाद - औरंगाबाद समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिले के मैट्रिक एवं इंटर टॉपर्स को मोमेंटो एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

इंटरमीडिएट कॉमर्स में राज्य स्तर पर सेकंड टॉपर रही अंतरा खुशी के सम्मान के समय खूब करतल ध्वनि हुई। इस अवसर पर डीईओ सुरेंद्र कुमार, डीपीओ स्थापना दया शंकर सिंह एवं डीपीओ समग्र शिक्षा भोला कुमार कर्ण उपस्थित रहे। प्रतिभा सम्मान समारोह का संचालन पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने किया। जिला पदाधिकारी ने टॉपर्स को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी यदि अपने जीवन में अपने स्टडी में सतत निरंतरता एवं अनुशासन रखें तो जीवन का कोई भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। स्टूडेंट्स जरूर से एक्स्ट्रोवर्ट बनें एवं ज्ञान को किसी भी जगह से प्राप्त करें। यदि आईएएस एवं आईआईटी आदि करने के लिए पांच साल पूर्व से लक्ष्य प्राप्ति को मस्तिष्ट में सेट कर लें। फिर आपका अध्ययन एवं नियति आपको लक्ष्य प्राप्त करा देगा। पढ़ने के वक्त ईमानदार रहे एवं मूल टेक्स्टबुक से पढ़ें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

जिले के टॉपरों में मैट्रिक के शालू कुमारी, सेकंड - अपग्रेडेड उच्च विद्यालय दधपा, प्रथम , संजना गुप्ता, हाइ स्कूल नबीनगर, कार्तिक कुमार, आरबीआर हाइ स्कूल रफीगंज, आशा कुमारी, पटेल हाइ स्कूल दाउदनगर , थर्ड- मोहित पांडे केडी हाइ स्कूल खडीहा, अर्चना कुमारी पटेल हाइ स्कूल दाउदनगर, ब्यूटी रॉय, हाइ स्कूल रूकुंडी गोह।

इंटरमीडिएट कला संकाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे क्रमशः सफा प्रवीण उच्च विद्यालय बेरी, काजल प्रवीण कन्या हाइ स्कूल रफीगंज, आर्फिआ प्रवीण हाइ स्कूल लोहारा रफीगंज।

कॉमर्स के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः अंतरा खुशी सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद, ज्योति वर्मा सिन्हा कॉलेज एवं आयुष कुमार अशोक हाइ स्कूल दाउदनगर।

विज्ञान संकाय के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः शुभम कुमार हाइ स्कूल महुली डुमरा हसपुरा, सौरभ कुमार आदर्श उच्च विद्यामंदिर बघोई, सत्यम कुमार हाइ स्कूल कैथी रहे।

डीईओ सुरेंद्र कुमार ने भी जिला पदाधिकारी के बताए टिप्स को अपने जीवन में उतारने को कहा। उन्होंने कहा जिले में शिक्षा विभाग के तहत स्कूलों को गुणवत्ता की कसौटी पर नित्य बेहतर बनाया जा रहा है। डीपीओ दया शंकर सिंह ने आगत अतिथियों के प्रति कृतज्ञता अर्पित की एवं टॉपर्स बच्चों को शुभकामनाएं दिया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।